36 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर

वर्ष-36 अंक-320 | रायपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com

## फर्स्ट कालम

### मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 के ग्राउंड फ्लोर पर आग लगी, कोई घायल नहीं

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर गुरुवार शाम आग लग गई। आग तीन मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर लगी है। बीएमसी की मुंबई फायर ब्रिगेड , पुलिस और वार्ड स्टाफ मौके पर मौजूद हैं। आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। मुंबई फायर विभाग के मुताबिक, इस घटना में अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### रिलायंस रिटेल दुनिया की सातवीं सबसे बड़ी स्टार्टअप कंपनी बनी

**नई दिल्ली।** रिलायंस रिटेल दुनिया की सबसे मूल्यवान निजी स्टार्टअप कंपनियों की वैश्विक सूची में सातवें स्थान पर पहुंच गयी है। स्टैनफर्ड ग्रैजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस की रिपोर्ट के अनुसार, 100 अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन के साथ कंपनी ने यह उपलब्धि हासिल की है। पहली 100 मूल्यवान स्टार्टअप कंपनियों की सूची में तीन भारतीय कंपनियां शामिल हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज 24 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ 27वें और टाटा ईवी मोबिलिटी नौ अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ 93वें स्थान पर है। रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे ताजा निवेश को शामिल करते हुए रिलायंस रिटेल हेक्टाकॉर्न बन गयी है जिसका अर्थ है कि उसका मूल्यांकन 100 अरब डॉलर से अधिक हो गया है।

### ट्रंप ने रुट्टे से व्हाइट हाउस में मुलाकात की, नाटो की आलोचना की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में नाटो महासचिव मार्क रुट्टे के साथ एक निजी बैठक के बाद, ईरान युद्ध में अमेरिका का समर्थन न करने के लिए नाटो की फिर से आलोचना की। यह जानकारी बीबीसी ने गुरुवार को दी। बैठक के बाद ट्रुथ सोशल पर साझा की गई एक पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ÷जब हमें नाटो की जरूरत थी तब वे मौजूद नहीं थे और अगर हमें उनकी फिर से जरूरत पड़ी तो वे मौजूद नहीं होंगे। इस बीच, स्पष्ट मतभेदों के बावजूद श्री रुट्टे ने सीएनएन को ट्रंप के साथ अपनी मुलाकात को बहुत स्पष्ट और बहुत खुला करार दिया।

### राजनाथ ने जनरल फान वान को वियतनाम का उप पीएम व रक्षा मंत्री नियुक्त होने पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जनरल फान वान जियांग को वियतनाम का उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री नियुक्त किये जाने पर बधाई दी है। श्री सिंह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत वियतनाम के साथ अपने दीर्घकालिक रक्षा संबंधों को और मजबूत करने तथा सुरक्षा, सैन्य आदान-प्रदान और औद्योगिक सहयोग के क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने की आशा करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत-वियतनाम साझेदारी आने वाले वर्षों में निरंतर और अधिक सशक्त होती रहेगी।

### इजरायली हमलों में लेबनान में 182 लोगों की मौत

**यरूशलेम।** इजरायल द्वारा पूरे लेबनान में हवाई हमलों की एक बड़ी श्रृंखला चलाई गई जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए और घायल हुए। अधिकारियों ने कहा कि ईरान में युद्धविराम के बावजूद लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के खिलाफ युद्ध जारी है। यह जानकारी बीबीसी ने गुरुवार को दी। इजरायल ने इसे इस संघर्ष में हवाई हमलों की सबसे बड़ी श्रृंखला कहा जिसमें 10 मिनट के भीतर हिजबुल्लाह के 100 से अधिक कमांड केंद्रों और सैन्य स्थलों को निशाना बनाया गया। बेरुत के दक्षिणी उपनगर, दक्षिणी लेबनान और पूर्वी बेका घाटी को निशाना बनाया गया। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कम से कम 182 लोग मारे गए, यह संख्या बढ़ने की संभावना है, और 890 लोग घायल हुए हैं। बेरुत पर हुए अब तक के सबसे बड़े हवाई हमले के स्थल पर, घंटों बाद भी, आपातकालीन कर्मी क्षतिग्रस्त इमारतों में खोजबीन कर रहे हैं।

---

**विधानसभा चुनावः केरलम में 49 साल में दूसरी रिकॉर्ड वोटिंग, असम में भी अब तक का सर्वाधिक मतदान**

# असम में 85.38%, केरलम में 78.01% और पुडुचेरी में 89.81% मतदान

- असम में चुनाव संबंधी हिंसा में 30 लोग घायल व 7 गिरफ्तार
- पुडुचेरी में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में झड़प



**गुवाहाटी/तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी (ए)।** देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में गुरुवार (9 अप्रैल) को एक ही चरण में विधानसभा चुनाव के लिए शाम 6 बजे तक वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के अनुसार रात 8 बजे तक असम में 85.38%, केरलम में 78.01% व पुडुचेरी में 89.81% मतदान हुआ। इस चुनाव में असम के इतिहास में सबसे ज्यादा वोटिंग का आंकड़ा है। वहीं केरलम में भी पिछले 49 सालों में दूसरी सबसे ज्यादा वोटिंग हुई। 1977 में वहां रिकॉर्ड 79.2% मतदान हुआ था। तीनों राज्यों के नतीजे 4 मई को आएंगे।

असम में चुनाव संबंधी हिंसा में करीब 30 लोग घायल हो गए और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों की इस झड़प में करीब 25 लोग घायल हो गए, दो की हालत गंभीर है। पुडुचेरी में मन्नादिपेट में पोलिंग बूथ पर कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में झड़प हो गई। पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज किया। पुडुचेरी के सीएम सीएम रंगास्वामी वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ तक बाइक से पहुंचे।

केरलम में पूर्व रक्षा मंत्री और कांग्रेस लीडर एके एंटनी ने तिरुवनंतपुरम में वोट डाला। असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने गुवाहाटी में मां कामाख्या मंदिर में पूजा की। इसके बाद पत्नी के साथ जालुकबाड़ी में वोट डाला। असम में 126 सीटों पर 41 पार्टियों के 722 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, केरलम में 2.71 करोड़ वोटर 890 उम्मीदवारों में से अपना नेता चुनेंगे। यहां 140 सीटें हैं। पुडुचेरी में 30 सीटों के लिए वोटिंग हुई। (शेष पेज-4 पर)

### तीन राज्यों की चार सीटों पर उपचुनाव में भी बंपर वोटिंग

तीन राज्यों की चार विधानसभा सीटों पर गुरुवार को उपचुनाव के लिए वोटिंग हुई। नगालैंड के कोरिडांग विधानसभा क्षेत्र में दोपहर 3 बजे तक 75.06% वोटिंग हुई। वहीं त्रिपुरा के धर्मनगर में 70.09% मतदाताओं ने वोट डाले। वहीं कर्नाटक की दो विधानसभा सीटों पर गुरुवार को हुए उपचुनावों में शाम 5 बजे तक 60 प्रतिशत से अधिक वोटिंग हुई। बागलकोट में 65.68 फीसदी जबकि दावनगेरे दक्षिण में 63.04 फीसदी वोटिंग हुई।

### असम में कांग्रेस कैंडिडेट ने ईवीएम तोड़ी, भाजपा- कांग्रेस समर्थक भिड़े

असम में चुनाव संबंधी हिंसा में करीब 30 लोग घायल हो गए। सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने न्यूज एजेंसी को बताया कि श्रीभूमि जिले के पथारकंडी से कांग्रेस उम्मीदवार कार्तिक सेना सिन्हा रंगमती बूथ में घुस गए और पीठासीन अधिकारी से बहस करने लगे। उनका दावा था कि फर्जी वोटर्स ने असली लोगों के वोट डाले हैं। जब पीठासीन अधिकारी ने इस आरोप का खंडन किया, तो उन्होंने ईवीएम तोड़ दी। इसके बाद कांग्रेस और भाजपा समर्थकों ने आपस में हाथापाई शुरू कर दी। इस झड़प में करीब 25 लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। उन्हें इलाज के लिए करीमगंज सिविल अस्पताल भेजा गया है। श्रीभूमि की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लीना डोले मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया।सिन्हा का सीधा मुकाबला असम के मंत्री और भाजपा उम्मीदवार कृष्णेंदु पॉल से है।

---

# एआई आधारित शिक्षा से छत्तीसगढ़ को ज्ञान, कौशल और नवाचार का अग्रणी केंद्र बनाना हमारा ध्येय है : मुख्यमंत्री साय

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से गूगल इंडिया प्रतिनिधियों की मुलाकात**



**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में गूगल फॉर एजुकेशन इंडिया के प्रमुख श्री संजय जैन एवं गूगल इंडिया के पब्लिक पॉलिसी प्रमुख श्री राजेश रंजन ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने अतिथियों का पारंपरिक सम्मान करते हुए उन्हें शॉल एवं बस्तर कला की प्रतिकृति भेंट की। ।

गूगल फॉर एजुकेशन इंडिया के प्रमुख श्री संजय जैन ने रायपुर जिला प्रशासन और गूगल के मध्य हुए लेटर ऑफ इंटेंट की जानकारी साझा करते हुए बताया कि रायपुर जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 'एआई सक्षम शिक्षा अभियान' की शुरुआत की गई है। इस अभियान के माध्यम से स्कूल शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित नवाचारों को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ÷सक्षम शिक्षक अभियान÷ के तहत राज्य में शिक्षकों को आधुनिक डिजिटल टूल्स और एआई आधारित शिक्षण पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पहल के प्रथम चरण की शुरुआत रायपुर से की जाएगी, जिसके बाद इसे राज्य के सभी जिलों में विस्तार दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत 2 लाख से अधिक शिक्षकों को एआई प्रमाणन प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए गूगल फॉर एजुकेशन अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म को निःशुल्क उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है, जिससे शिक्षकों को तकनीकी रूप से सशक्त किया जा सके। कार्यक्रम के तहत प्रारंभिक चरण में 200 शिक्षकों की सहभागिता से विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें गूगल फॉर एजुकेशन टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही, कक्षा शिक्षण में एआइ के प्रभावी उपयोग और विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीक-सक्षम और नवाचार आधारित बनाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों को शिक्षा से जोड़ना केवल एक पहल नहीं, बल्कि प्रदेश के विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इससे न केवल शिक्षण पद्धतियों में गुणवत्ता आएगी, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर नए युग के कौशल विकसित होंगे, जो उन्हें आने वाले समय की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे।

---

# बंगाल में 4 मई के बाद घोषित विस चुनाव परिणाम के बाद नए युग की शुरुआत होगी: पीएम मोदी



**कोलकाता (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस पर अपना हमला तेज करते हुए ऐलान किया कि चार मई के बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजे घोषित होने के बाद एक 'नए युग' की शुरुआत होगी।

श्री मोदी ने हल्दिया से अपने अभियान को आगे बढ़ाते हुए औद्योगिक शहर आसनसोल में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, %चार मई के बाद बंगाल में एक नया अध्याय शुरू होगा। तृणमूल कांग्रेस मुक्त बंगाल विकास की एक नयी दिशा दिखाएगा।% उन्होंने सत्तारुढ़ पार्टी पर %माफिया राज% को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए इस इलाके में कोयला और रेत माफिया के कथित दबदबे को उजागर किया। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के राज में कोयला और रेत माफिया लोगों पर बोझ बन गए हैं। जबकि पूरे देश में विकास दिख रहा है, बंगाल इस माफिया सिस्टम के कारण पिछड़ रहा है।

श्री मोदी ने हाल ही में मालदा कालियाचक में हुई घटना का ज़िक्र करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस आने वाली हार को देखकर घबरा रही है। उन्होंने दावा किया कि यह पार्टी अपना दिमागी संतुलन खो चुकी है। मालदा में, उन्होंने डर के मारे बहुत बड़ी गलती की। यह घटना उनके जंगल राज के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी। श्री मोदी ने केन्द्रीय बलों के खिलाफ कथित हमलों और टिप्पणियों की भी आलोचना करते हुए कहा, तृणमूल कांग्रेस इतनी डरी हुई है कि वह देश के सुरक्षा बलों का गलत इस्तेमाल कर रही है। बंगाल के देशभक्त लोग अपने वोटों से इसका जवाब देंगे। उन्होंने वाम मोर्चे के पतन से तुलना करते हुए कहा कि जैसे लोगों ने माकपा को सत्ता से हटाया था, वैसे ही वे अब तृणमूल कांग्रेस को भी हटा देंगे।

### हुमायूं कबीर के वायरल वीडियो से बवाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले आम जनता उन्नयन पार्टी के चेयरमैन हुमायूं कबीर के वायरल वीडियो से विवाद खड़ा हो गया है। इसमें वे बीजेपी नेताओं के साथ 1000 करोड़ की डील पर चर्चा कर रहे हैं। 19 मिनट के वीडियो में हुमायूं कबीर कह रहे हैं कि वे ममता बनर्जी को किसी भी कीमत पर सत्ता से हटाना चाहते हैं। अगर उनकी 60-70 सीटें आ गईं तो वे डिप्टी सीएम भी बन सकते हैं। टीएमसी के कुणाल घोष ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस वीडियो का जिक्र कर कहा कि हुमायूं सुवेंदु अधिकारी, प्रधानमंत्री कार्यालय , मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिसवा सरमा के करीबी हैं। घोष ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय चुप क्यों है। उसे इस मामले की जांच करनी चाहिए। बीजेपी ने हुमायूं के जरिए मतुआ, हिंदुओं और मुसलमानों को बेवकूफ बनाने के लिए 'क्र टीम' और सी टीम बनाई है। बंगाल चुनाव में हुमायूं की पार्टी विधानसभा की 294 सीटों में से 118 पर चुनाव लड़ रही है।

# मंदिरों में एंट्री रोकने से समाज बंटेगा, इससे हिंदू धर्म को नुकसान : सुप्रीम कोर्ट

**केंद्र ने कहा- धार्मिक मामलों में अदालतों का दखल ठीक नहीं**



**नई दिल्ली (ए)।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सबरीमाला केस की सुनवाई के दौरान मंदिरों के रीति-रिवाजों का जिक्र हुआ। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि मंदिरों में सिर्फ खास समुदाय की एंट्री और बाहरी लोगों की मनाही से समाज बंटेगा। यह हिंदु धर्म के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि मान लीजिए (सबरीमाला केस को छोड़कर), अगर यह कहा जाए कि सिर्फ गौड़ सारस्वत लोग ही एक मंदिर में आएं या कांची मठ के लोग सिर्फ कांची ही जाएं, दूसरे मठ (जैसे श्रृंगेरी) न जाएं तो यह ठीक नहीं होगा। बल्कि जितने ज्यादा लोग अलग-अलग मंदिरों और मठों में जाएंगे, उतना ही धर्म मजबूत बनेगा।

उधर केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सीनियर एडवोकेट वैद्यनाथन ने कहा कि इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हमारे सामने हैं, जब धर्म से जुड़े विवाद संवेदनशील होते हैं। वहां अदालतें हस्तक्षेप नहीं करतीं हैं। सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने गुरुवार को धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े मामलों में लगातार तीसरे दिन सुनवाई की। इसमें विभिन्न धर्मों में प्रचलित धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा और दायरे पर भी विचार किया जा रहा है। मान लीजिए (सबरीमाला केस को छोड़कर), अगर यह कहा जाए कि सिर्फ गौड़ सारस्वत लोग ही एक मंदिर में आएं या कांची मठ के लोग सिर्फ कांची ही जाएं, दूसरे मठ (जैसे श्रृंगेरी) न जाएं तो यह ठीक नहीं होगा।

---

# सिक्किम में बर्फबारी-लैंडस्लाइड, फंसे 1321 टूरिस्ट को सेना ने बचाया

**गंगटोक (ए)।** सिक्किम में भारी बर्फबारी के बीच कई जगह लैंडस्लाइड के कारण सड़क संपर्क टूट गया। लाचेन में फंसे 1321टूरिस्ट का सेना ने रेस्क्यू कर लिया।दो दिन चले ऑपरेशन को 'हिम सेतु' नाम दिया गया है।

उत्तर भारत में 3 वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से अप्रैल में भी सर्दी का अहसास हो रहा है। राजस्थान में 20 दिनों से बदले मौसम के कारण तापमान 7 डिग्री तक कम हुआ है। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए छत्तीसगढ़ और बिहार समेत 17 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, सिक्किम, बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

# महिला आरक्षण संशोधन ड्राफ्ट को केंद्र की मंजूरी

**मोदी बोले- यह भारत की करोड़ों महिलाओं की उम्मीदों की झलक**

**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी गई। इस प्रस्ताव के तहत लोकसभा की सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 816 की जाएंगी, जिनमें 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। सरकार ने बजट सत्र को बढ़ाते हुए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है, जिसमें इस संशोधन बिल को पारित किए जाने की संभावना है। संसद से मंजूरी मिलने के बाद यह कानून 31 मार्च 2029 से लागू होगा, और उसी साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पहली बार प्रभावी होगा। प्रस्ताव के मुताबिक आरक्षण 'वर्टिकल' आधार पर लागू होगा, यानी अनुसूचित जाति और जनजाति की आरक्षित सीटों में भी महिलाओं के लिए हिस्सा तय किया जाएगा। इस बिल को लेकर पीएम मोदी ने अपनी वेबसाइट पर एक आर्टिकल पब्लिश किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि महिला रिजर्वेशन एक्ट में प्रस्तावित बदलाव सिर्फ एक कानूनी काम नहीं, बल्कि यह पूरे भारत की करोड़ों महिलाओं की उम्मीदों की झलक है।

### गुरुग्राम में हड़ताली कर्मचारियों पर लाठीचार्ज, एक का सिर फूटा-20 घायल

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मानेसर में धारा 163 लागू होने के बावजूद वीरवार को हजारों की संख्या में हड़ताली कर्मचारी जुट गए। जिन्हें खदेड़ने के लिए पुलिस लाठीचार्ज किया। जिससे मामला भगदड़ की स्थिति बन गई। इस दौरान 20 से ज्यादा कर्मचारियों को चोटें आई हैं। एक के सिर पर गहरा जख्म है। काफी खून बहने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक महिला बेहोश हो गई। इससे भड़के हड़तालियों ने पुलिस की एक बाइक फूंक दी और गाड़ी पर पथराव किया, जिससे फ्रंट और बैक के शीशे टूट गए।

---

**त्रिभाषा फार्मूला** » **सीबीएसई ने फिर कहा- निर्देश 7 दिन में लागू करें**

# छठी क्लास में इसी सेशन से 3 भाषाएं पढ़ाई जाएंगी

**नई दिल्ली (ए)।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने छठी क्लास में तीसरी भाषा लागू करने को लेकर बड़ा फैसला लिया है। बोर्ड ने 9 अप्रैल को जारी सर्कुलर में सभी स्कूलों को 7 दिन के अंदर इसे लागू करने का निर्देश दिया है। इसे urgent & mandatory बताते हुए तुरंत पढ़ाई शुरू करने को कहा गया है।

नोटिस के मुताबिक यह नियम 2026-27 सेशन यानी इसी साल से लागू होगा। स्कूलों को अभी से तैयारी और पढ़ाई शुरू करनी होगी। खास बात ये है कि थर्ड लैंग्वेज को बतौर सब्जेक्ट पढ़ाने के लिए अभी किताबें उपलब्ध नहीं हैं।

सीबीएसई ने नोटिस में कहा कि स्कूल तीसरी भाषा की पढ़ाई के लिए फिलहाल स्थानीय स्तर पर उपलब्ध किताबों और सामग्री का इस्तेमाल करें। आधिकारिक टेक्स्ट बुक्स जल्द उपलब्ध कराई जाएंगी। स्कूलों को इंतजार नहीं करना है और तुरंत पढ़ाई शुरू करनी होगी। स्कूल अपनी चुनी गई तीसरी भाषा की जानकारी सीबीएसई को देंगे। इसे ओएएसआईएस



पोर्टल पर अपडेट करना जरूरी होगा। बोर्ड ने कहा है कि इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी उसके रीजनल ऑफिस करेंगे, ताकि सभी स्कूल समय पर नियम लागू करें। महाराष्ट्र पिछले साल थ्री लैंग्वेज पॉलिसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना था। राज्य में 1 से 5वीं क्लास तक के बच्चों के लिए हिंदी पढ़ना जरूरी कर दिया गया है। राज्य के सभी मराठी और अंग्रेजी मीडियम स्कूलों में नियम लागू है।

### एनईपी 2020 के तहत थ्री लैंग्वेज पॉलिसी लागू

नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 की सिफारिश के मुताबिक सीबीएसई ने 2 अप्रैल को अपना नया करिकुलम फ्रेमवर्क रिलीज किया। इसके तहत स्कूल्स में थ्री-लैंग्वेज फॉर्मूला लागू किया जाएगा। हर स्टूडेंट को दसवीं क्लास तक तीन भाषाएं सीखनी होगी। नई शिक्षा नीति 2020 को भारत सरकार ने 29 जुलाई, 2020 को मंजूरी दी थी। यह 34 साल बाद भारत की शिक्षा नीति में एक बड़ा बदलाव है। इससे पिछली नीति 1986 में बनाई गई थी, जिसे 1992 में अपडेट किया गया था। इसका उद्देश्य भारत की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की जरूरतों के अनुसार ढालना है, ताकि छात्र व्यावहारिक ज्ञान मिले और वे स्किल सीखें। नई शिक्षा नीति लागू करने के लिए केंद्र ने 2030 तक का लक्ष्य रखा है।

### एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम टॉप पर, 4 गोल्ड, 2 सिल्वर समेत 10 मेडल जीते



**मंगोलिया (ए)।** मंगोलिया में हुए एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में भारतीय महिला टीम ने टॉप किया। टीम ने 4 गोल्ड, 2 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज समेत कुल 10 मेडल जीते। टीम की हर खिलाड़ी मेडल जीतकर लौटी। कोच सैंटियागो निवा की अगुआई में मीनाक्षी (48द्मद्द), प्रीति (54द्मद्द), प्रिया (60द्मद्द) और अरुंधति (70द्मद्द) ने गोल्ड जीते।

मीनाक्षी ने मंगोलिया की नोमुंदारी एन्ख-अमगालन को 5-0 से हराकर पहला गोल्ड दिलाया। इसके बाद प्रीति ने चीनी ताइपे की तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन हुआंग शियाओ-वेन को 5-0 से हराया। प्रीति ने टोक्यो ओलिंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट हुआंग के खिलाफ दबदबा बनाए रखा। वहीं, प्रिया घनघास ने नॉर्थ कोरिया की वोन उन-ग्योंग को 3-0 से हराकर गोल्ड जीता। अरुंधति चौधरी ने कजाकिस्तान की बाकित सेइदीश को 4-1 से हराकर भारत के लिए चौथा गोल्ड जीता। चारों भारतीय खिलाड़ियों ने फाइनल जीतकर टॉप पोडियम हासिल किया।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय

### आधा-अधूरा युद्धविराम

अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम पश्चिम एशिया के साथ-साथ विश्व के लिए राहत की बात तो है, पर बहुत आश्वस्तकारी नहीं। इसलिए नहीं, क्योंकि युद्धविराम केवल दो सप्ताह के लिए हुआ है और यह विरोधाभासी दावों के साथ इतना अविश्वास भरा दिख रहा है कि किसी भी क्षण टूट सकता है। इस नाजुक युद्धविराम पर सहमति बन जाने की बात सार्वजनिक होने के तत्काल बाद परस्पर हमले बंद नहीं हुए।

इस युद्धविराम का भविष्य बहुत कुछ दोनों पक्षों के बीच होने वाली बातचीत के किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने और एक-दूसरे के प्रति भरोसा पैदा होने पर ही निर्भर करेगा। इसके आसार कम ही हैं, क्योंकि एक तो इस युद्धविराम को लेकर अमेरिका और ईरान के दावे एक-दूसरे से मेल नहीं खाते और दूसरे, जहां ईरानी नेता कह रहे हैं कि संघर्ष विराम की शर्तों में लेबनान पर इजरायल के हमले रुकना भी है, वहीं इजरायली नेता इससे साफ इनकार कर रहे हैं।स्पष्ट है कि युद्धविराम की घोषणा के बावजूद ऊर्जा संकट से त्रस्त अंतरराष्ट्रीय समुदाय आशंकित होकर ही चैन की सांस ले सकता है। हो सकता है ईरानी सत्ता पर काबिज कट्टरपंथी धड़ा ट्रंप की ईरानी सभ्यता नष्ट कर देने वाली खतरनाक धमकियों के बाद नरम पड़ा हो, लेकिन वह अपनी जिन मनचाही दस शर्तों पर युद्धविराम होने का दावा कर रहा है और जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति विचार योग्य पा रहे हैं, वे तो यही संदेश दे रही हैं कि ईरान के समक्ष अमेरिका को झुकना पड़ा। यह संदेश ट्रंप की फजीहत कराने और उनके अंतरराष्ट्रीय कद को छोटा करने वाला है। यदि होर्मुज समुद्री मार्ग खुलने के बाद भी उस पर ईरान का दबदबा कायम रहेगा और ईरानी सत्ता हिजबुल्ला, हमास जैसे अतिवादी संगठनों को सहयोग एवं सैन्य संसाधन देती रहेगी तो फिर इससे न तो अमेरिका के हितों की पूर्ति होगी, न इजरायल के और न ही खाड़ी देशों के। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि ईरान यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम जारी रखने की बात कर रहा है। यदि वास्तव में ऐसा है तो इसका मतलब है कि अमेरिका और ईरान वहीं आकर खड़े हो गए, जहां करीब 40 दिन के विनाशकारी घमासान के पहले थे। यदि अमेरिका को ईरान से वार्ता के माध्यम से ही मसले सुलझाने थे तो फिर उसने फरवरी में जारी बातचीत के बीच इजरायल से मिलकर उस पर चढ़ाई क्यों कर दी और इससे उसे हासिल क्या हुआ? अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम में पाकिस्तान की भूमिका ध्यान खींचने वाली है। लगता है अमेरिका ने पाकिस्तान को संदेशवाहक की भूमिका सौंपना बेहतर समझा। इसके पीछे अमेरिका का चाहे जो स्वार्थ हो, युद्धविराम पर पर्दे के पीछे चीन की सक्रियता के समाचार अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिकी प्रभुत्व को कमजोर सिद्ध करने वाले ही हैं।

# 'बस्तर 2.0' के लिए छत्तीसगढ़ सरकार का ब्लूप्रिंट

■ शंकर चंद्राकर, वरिष्ठ पत्रकार



दशकों तक नक्सल हिंसा से जूझता रहा बस्तर अब एक ऐतिहासिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। सुरक्षा और शांति की बहाली ने इस क्षेत्र को नई दिशा देने का अवसर प्रदान किया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 'बस्तर 2.0' के लिए एक समग्र 360 डिग्री विकास योजना (ब्लूप्रिंट) तैयार की है, जो अत्यंत सराहनीय है। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की और इन परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण के लिए बस्तर आने का न्योता भी दिया। नक्सलमुक्त बस्तर के विकास के लिए तैयार ब्लूप्रिंट का उद्देश्य केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास, आत्मनिर्भरता और सतत विकास सुनिश्चित करना है। इस योजना का मुख्य आधार पर्यटन, स्टार्टअप, अधोसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) और इनोवेशन है। बस्तर प्राकृतिक संपदा, खनिज संसाधन, जैव विविधता और समृद्ध आदिवासी संस्कृति का धनी क्षेत्र है। यदि इन संसाधनों का संतुलित और योजनाबद्ध उपयोग किया जाए, तो बस्तर ही नहीं पूरा छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी विकास मॉडल के रूप में उभर सकता है।

मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा प्रस्तुत विकास ब्लूप्रिंट 'सैचुरेशन, कनेक्ट, फैसिलिटेट, एम्पावर और एंगेज' रणनीति पर आधारित है। इसके तहत बस्तर में बुनियादी सुविधाओं को तेजी से विस्तार देने का लक्ष्य रखा गया है। सड़कों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से दूरदराज के गांवों को जोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधूरे कार्यों को 2027 तक पूरा करने के साथ-साथ नई 228 सड़कों और 267 पुलों का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अलावा 61 नई परियोजनाओं के लिए विशेष केंद्रीय सहायता की मांग भी की गई है। प्रदेश सरकार द्वारा तैयार ब्लूप्रिंट में ऊर्जा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी बड़े बदलाव की योजना है। हर घर तक बिजली पहुंचाने के कार्य तेज होंगे। शिक्षा के क्षेत्र में 45 पोटा केबिन स्कूलों को स्थायी भवनों में बदला जाएगा। युवाओं के लिए 15 स्टेडियम और 2 मल्टीपर्पज हॉल बनाए जाएंगे, जबकि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार और डॉक्टरों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल बनाए जा रहे हैं। कृषि और सिंचाई के क्षेत्र में इंद्रावती नदी पर दो बड़े प्रोजेक्ट देउरगांव और मटनार में स्वीकृत किए गए हैं, जिनसे 31,840 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। यह परियोजनाएं बस्तर की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगी।



इसी तरह प्रदेश सरकार ने आजीविका और आय बढ़ाने के लिए सरकार ने तीन वर्षीय योजना तैयार की है, जिसका लक्ष्य 2029 तक 85% परिवारों की मासिक आय 15,000 रुपये से बढ़ाकर 30,000 रुपये करना है। 'नियद नेल्लानार 2.0' योजना के तहत अब अधिक जिलों को जोड़ा जा रहा है, जिससे विकास का लाभ व्यापक स्तर पर पहुंचेगा। 10 जिलों में शुरू की गई यह योजना अब 7 जिलों और 3 नए जिलों तक विस्तारित हो रही है। इसी तरह 'अंजोर विजन 2047' और 'विकसित भारत@2047' के तहत स्टार्टअप नीति भी लागू की गई है, जिसमें 2030 तक 5,000 स्टार्टअप तैयार करने का लक्ष्य है।

नक्सलवाद मुक्त बस्तर के विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री के सामने जो कार्ययोजना प्रस्तुत की है, उसमें 'बस्तर मुन्ने' (अग्रणी बस्तर) कार्यक्रम प्रदेश सरकार की एक अहम पहल है। इस कार्यक्रम के तहत हर ग्राम पंचायत में शिविर लगाए जाएंगे, जहां अधिकारियों की मौजूदगी में लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे दिया जाएगा, जरूरी दस्तावेज वहीं बनाए जाएंगे और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे के दौरान जिन प्रमुख परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण की योजना है, उनमें रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन, जगदलपुर एयरपोर्ट का विस्तार, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज, जगरगुंडा और ओरछा में एजुकेशन सिटी जैसी महत्वपूर्ण पहल शामिल हैं। ये परियोजनाएं बस्तर को शिक्षा, स्वास्थ्य और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। प्रदेश सरकार की उक्त सभी पहल बस्तर के विकास को गति देने में सहायक है, लेकिन इसके अलावा भी पर्यटन, उद्योग समेत कई क्षेत्रों में जरूरी सुविधाएं विकसित करने की जरूरत है।

बस्तर की धरती प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण है। पर्यटन के क्षेत्र में बस्तर की पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से काम हो रहा है। चित्रकोट और तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर घाटी नेशनल पार्क, एडवेंचर टूरिज्म, कैनोपी वॉक और ग्लास ब्रिज जैसी परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं। बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे आयोजन क्षेत्र को नई पहचान दे रहे हैं।

राज्य सरकार को बस्तर में खासकर पर्यटन पर पूरा फोकस करना चाहिए और जरूरी सुविधाओं पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। चित्रकोट जलप्रपात को 'भारत का नियाग्रा' कहा जाता है। तीरथगढ़ जलप्रपात की बहती जलधाराएं और कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की जैव विविधता विश्वस्तरीय पर्यटन क्षमता रखती हैं। इसके अतिरिक्त बस्तर का ऐतिहासिक दशहरा उत्सव सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। बस्तर में इको-टूरिज्म सर्किट विकसित करना, जिसमें प्रमुख जलप्रपात और राष्ट्रीय उद्यान शामिल हों। इसी तरह बस्तर दशहरा को अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के रूप में स्थापित करना चाहिए। इसमें केंद्र सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। केंद्र सरकार स्वदेश दर्शन और अन्य पर्यटन योजनाओं के तहत विशेष वित्तीय सहायता उपलब्ध करा सकती है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन प्रचार अभियान में बस्तर को प्रमुखता स्थान दे सकते हैं। पर्यटन के विकास से स्थानीय रोजगार में वृद्धि होगी, जिससे युवाओं को अपने ही क्षेत्र में अवसर मिलेंगे।

बस्तर की अर्थव्यवस्था लंबे समय तक वनोपज और कृषि पर आधारित रही है। अब इसे वैल्यू एडिशन और आधुनिक उद्यमिता से जोड़ने का समय है। बस्तर में महुआ, इमली, साल बीज, लाख और शहद के प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने पर जोर दे सकते हैं। साथ ही बांस और ढोकरा कला जैसे हस्तशिल्प उत्पादों के ब्रांडिंग और जैविक कृषि उत्पादों का निर्यात को बढ़ावा देने की जरूरत है।

नक्सलवाद की समाप्ति के बाद बस्तर के पास विकास की नई इबारत लिखने का अवसर है। प्रदेश सरकार ने इस दिशा में आगे बढ़ते हुए बस्तर रोडमैप 2.0 तैयार कर ली है, लेकिन इस पर तेजी से काम करना जरूरी है। छत्तीसगढ़ सरकार की जमीनी समझ और केंद्र सरकार के संसाधन एवं नीतिगत समर्थन के संयुक्त प्रयास से बस्तर को समावेशी, सतत और आधुनिक विकास मॉडल में बदला जा सकता है। पर्यटन से रोजगार, स्टार्टअप से आत्मनिर्भरता, अधोसंरचना से स्थायित्व और इनोवेशन से प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त-इन चार स्तंभों पर आधारित 360 डिग्री योजना बस्तर समेत पूरे छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी क्षेत्रों में स्थापित कर सकती है। यदि पारदर्शिता, जन-भागीदारी और दीर्घकालिक दृष्टि के साथ इस योजना को लागू किया जाए, तो बस्तर की पहचान संघर्ष से नहीं, बल्कि समृद्धि, शांति और विकास से होगी।

(Email: shankar.chandraker@gmail.com)

## प्रेरक प्रसंग

### ईर्ष्या, क्रोध और अपमान

टोकियो के निकट एक महान ज़ेन मास्टर रहते थे , वो अब वृद्ध हो चुके थे और अपने आश्रम में ज़ेन बुद्धिज़्म की शिक्षा देते थे एक नौजवान योद्धा , जिसने कभी कोई युद्ध नहीं हारा था ने सोचा की अगर मैं मास्टर को लड़ने के लिए उकसा कर उन्हें लड़ाई में हरा दूँ तो मेरी ख्याति और भी फ़ैल जायेगी और इसी विचार के साथ वो एक दिन आश्रम पहुंचा . कहाँ है वो मास्टर , हिम्मत है तो सामने आये और मेरा सामना करे .योद्धा की क्रोध भरी आवाज़ पूरे आश्रम में गूंजने लगी .देखते -देखते सभी शिष्य वहां इकठ्ठा हो गए और अंत में मास्टर भी वहीँ पहुँच गए . उन्हें देखते ही योद्धा उन्हें अपमानित करने लगा , उसने जितना हो सके उतनी गालियाँ और अपशब्द मास्टर को कहे . पर मास्टर फिर भी चुप रहे और शांती से वहां खड़े रहे बहुत देर तक अपमानित करने के बाद भी जब मास्टर कुछ नहीं बोले तो योद्धा कुछ घबराने लगा , उसने सोचा ही नहीं था की इतना सब कुछ सुनने के बाद भी मास्टर उसे कुछ नहीं कहेंगे उसने अपशब्द कहना जारी रखा , और मास्टर के पूर्वजों तक को भला-बुरा कहने लगा पर मास्टर तो मानो बहरे हो चुके थे , वो उसी शांती के साथ वहां खड़े रहे और अंततः योद्धा थक कर खुद ही वहां से चला गया . उसके जाने के बाद वहां खड़े शिष्य मास्टर से नाराज हो गए , भला आप इतने कायर कसी हो सकते हैं , आपने उस दुष्ट को दण्डित क्यों नहीं किया , अगर आप लड़ने से डरते थे , तो हमें आदेश दिया होता हम उसे छोड़ते नहीं !!÷, शिष्यों ने एक स्वर में कहा .मास्टर मुस्कुराये और बोले, यदि तुम्हारे पास कोई कुछ सामान लेकर आता है और तुम उसे नहीं लेते हो तो उस सामान का क्या होता है ? वो उसी के पास रह जाता है जो उसे लाया था . किसी शिष्य ने उत्तर दिया .यही बात इर्ष्या , क्रोध और अपमान के लिए भी लागू होती है।

## धर्म-कर्म

### 25 अप्रैल को सीता नवमी? नोट कर लें पूजा विधि और महत्व

वैशाख का पावन माह चल रहा है। इस माह में हिंदू धर्म के कई महत्वपूर्ण व्रत और त्यौहार आते हैं। इन्हीं में से एक है सीता नवमी का पर्व। हिंदू परंपराओं में माता सीता भगवान राम की पत्नी और आदर्श भारतीय नारी मानी जाती हैं। यह त्यौहार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, माता सीता इसी दिन धरती से प्रकट हुई थीं। इसलिए इसे सीता जयंती या जानकी नवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन माता सीता की पूजा करने से जीवन में सुख, समृद्धि और सदाचार की प्राप्ति होती है। पूजा-पाठ के अलावा इस दिन लोग व्रत भी रखते हैं। मान्यता है कि इस दिन व्रत और पूजा करने से व्यक्ति को सोलह प्रकार के दान के समान पुण्य फल प्राप्त होता है। चलिए जानते हैं कि वैशाख माह 2026 में कब है सीता नवमी और इसकी पूजा विधि और व्रत नियम क्या है। वैदिक पंचांग के मुताबिक इस बार सीता नवमी का पर्व 25 अप्रैल 2026 को मनाया जाएगा। पंचांग के मुताबिक वैशाख शुक्ल नवमी तिथि की शुरुआत 24 अप्रैल 2026 को रात 7 बजकर 21 मिनट पर हो रही है। इस तिथि का समापन 25 अप्रैल 2026 को शाम 6 बजकर 27 मिनट पर हो रहा है। माता सीता का प्राक्ट्य वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुष्य नक्षत्र को मध्याह्न काल में हुआ था।

सीता नवमी का महत्व- हिंदू धर्म में सीता नवमी का बहुत विशेष महत्व है। शास्त्रों और पुराणों के अनुसार, वैशाख मास की नवमी तिथि के पुष्य नक्षत्र के मध्याह्न काल में राजा जनक संतान प्राप्ति की कामना से यज्ञ करने हेतु भूमि तैयार कर रहे थे।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

## आंचलिक

# पैरी पखना गांव में कलेक्टर की चौपाल, हर महीने के तीसरे सोमवार को होगा स्वास्थ्य शिविर

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के दरभा विकासखंड के सुदूर अंचल स्थित ग्राम पंचायत करका के पैरी पखना गाँव में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने गुरुवार को चैपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में स्थित इस गाँव तक पहुंचने के लिए कलेक्टर ने सुकमा जिले के बंकेपाल तक चारपहिया वाहन से यात्रा की, इसके बाद पैदल और मोटरसाइकिल से कठिन रास्ता तय कर गाँव पहुँचे।

गाँव पहुंचने पर ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से कलेक्टर श्री आकाश छिकारा और जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन का स्वागत किया। चौपाल के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए मोबाइल कनेक्टिविटी, राशन व्यवस्था, आधार कार्ड निर्माण, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, राशन दुकान, स्वास्थ्य सेवाएं और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग रखी। इस पर कलेक्टर ने कहा कि पूर्व में माओवाद गतिविधियों के कारण यह क्षेत्र विकास से वंचित रहा, लेकिन अब हालात में सुधार के साथ विकास कार्यों को तेजी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि गाँव को सड़क से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत प्रस्ताव भेजा गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आधार कार्ड बनाने के लिए प्रत्येक सोमवार को शिविर आयोजित किया जाए, वहीं हर महीने के तीसरे सोमवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए। उन्होंने ग्रामीणों को वन अधिकार पट्टा, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना और मातृ वंदन योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही पशुपालन और मत्स्यपालन विभाग की योजनाओं से लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बाइक एम्बुलेंस की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई।

कलेक्टर ने गाँव में पहुँचने के दौरान ग्रामीणों द्वारा उपयोग की जाने वाली स्थानीय परंपरागत पेयजल साधन (चुंआ) का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट, टिफिन बॉक्स और पानी की बोतल वितरित की। इस दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे मच्छरदानी एवं आवश्यक दवाई प्रदान किया गया। वहीं विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया गया।

# जिला जेल सुकमा में बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, फास्ट फूड प्रशिक्षण से बदलेगी ज़िंदगी

समवेत शिखर संवाददाता

**सुकमा।** जिला जेल सुकमा में बंदियों के पुनर्वास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की जा रही है। जेल प्रशासन द्वारा बंदियों को कौशल विकास के तहत विभिन्न प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं, ताकि वे जेल से बाहर निकलने के बाद सम्मानजनक जीवन जी सकें।

इसी क्रम में रायपुर से आई मास्टर ट्रेनर ज्योति पाल द्वारा 12 दिवसीय फास्ट फूड प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में 35 बंदी भाग ले रहे हैं। उन्हें मोमोज, छोले-भटूरे, पानी पूरी, भेल पूरी, कचौड़ी, समोसा, नूडल्स, चाउमिन, सैंडविच, बर्गर, पुलाव और बिरयानी जैसे लोकप्रिय व्यंजन बनाना सिखाया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए आवश्यक सामग्री जेल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है और बंदियों को प्रायोगिक रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण ले रहे बंदियों ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। बंदी दिर्दो महेश ने बताया कि उन्होंने फ्राइड राइस, चाइनीज पकौड़ा, गोभी चिली और मंचूरियन बनाना सीख लिया है। वहीं बंदी अशोक कुमार ने कहा कि वे मोमोज और पानी पूरी जैसे व्यंजन बनाना सीखकर भविष्य में स्वयं का रोजगार शुरू करना चाहते हैं। सहायक जेल अधीक्षक श्री राजेश बिसेन ने बताया कि बंदियों को नई दिशा देने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बंदियों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए योग, साक्षरता अभियान और प्रेरणात्मक गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं।

## आज का इतिहास

- 1564 में फ्रांस और इंग्लैंड के बीच ट्रॉयेस की संधि पर हस्ताक्षर किये गये।
- 1677 में, फ्रांसीसी सैनिकों ने कैसल की लड़ाई में प्रिंस विलियम तृतीय को हराया।
- 1689 में राजा विलियम तृतीय और रानी मैरी द्वितीय को इंग्लैंड का संयुक्त शासक नियुक्त किया गया।
- 1865 में, मोबाइल बे की लड़ाई में संघियों ने अलबामा को खाली कर दिया था।
- 1900 में इंजीनियर जॉन फिलिप हॉलैंड ने पहली आधुनिक पनडुब्बी बनाई।
- 1919 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की स्थापना हुई।
- 2011 में बेलारूस के मिन्स्क मेट्रो बम विस्फोट में 10 से अधिक लोग मारे गये थे।
- 2012 में ग्रीस के प्रधानमंत्री लुकास पापाडेमोस ने इस्तीफा दे दिया।
- 2019 में, विकीलीक्स के संस्थापक को लंदन स्थित इक्वाडोर के दूतावास से बलपूर्वक हटा दिया गया था।

## प्रथम पेज का शेष

### असम में 85.38%, केरलम ...

असम, केरलम, पुडुचेरी चुनाव के प्रमुख अपडेट्स

- असम के श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस कैंडिडेट ने ईवीएम तोड़ दी। इसके चलते यहां करीब तीन घंटे तक वोटिंग रुकी रही। चुनाव अधिकारियों ने दूसरी ईवीएम रखी तब वोटिंग फिर शुरू हुई।
- असम के बरपेटा में सुबह से तेज बारिश के कारण वोटिंग में परेशानी आई।
- केरलम के कन्नूर में वोटिंग खत्म होने के समय शाम 6 बजे के बाद भी कई बूथ पर वोटर्स की लंबी लाइन लगी दिखाई दी।
- केरलम के सीएम पिनाराई विजयन ने कन्नूर में आरसी अमला बेसिक अपर प्राइमरी स्कूल में वोट डाला। केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद सुरेश गोपी ने त्रिशूर में मतदान किया।
- पुडुचेरी में रोबोट ने पोलिंग बूथ पर आए वोटर्स का स्वागत किया।

केरलम में चांडी ओमन ने विरोध जताते हुए काले कपड़े पहनकर वोट दिया : कोट्टायम (केरलम) में पूर्व सीएम ओमन चांडी के बेटे, कांग्रेस उम्मीदवार चांडी ओमन ने गुरुवार को पुथुपल्ली में मां और बहन के साथ वोट डाला। वे विरोध के प्रतीक के रूप में काले कपड़े पहने थे। पुथुपल्ली उपचुनाव जीतने वाले चांडी ओमन अब यूडीएफ, एलडीएफ और एनडीए के बीच महत्वपूर्ण मुकाबले में यूडीएफ के गढ़ को बरकरार रखने की कोशिश कर रहे हैं। ओमन ने भावुक स्वर में कहा कि यह वह दिन है जब पुथुपल्ली और केरल एलडीएफ सरकार के खिलाफ मतदान कर रहे हैं। मेरे विरोध करने के कई कारण हैं, सिर्फ एक नहीं। उन्होंने कहा कि मेरे पिता को सिर्फ दो-तीन साल नहीं, बल्कि नौ साल तक परेशान किया गया, चाहे एलडीएफ विपक्ष में हो या सरकार में। उन्होंने सौर ऊर्जा मामले का जिक्र किया, जिसमें पूर्व सीएम पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगा था, जिसे सीबीआई ने जांच के बाद क्लीन चिट दे दी थी। इस मामले के पीछे जो लोग थे, उन्हें एलडीएफ ने संरक्षण दिया और यह स्थिति आज तक बनी हुई है। यह इसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि इससे केरल और पुथुप्पल्ली दोनों के दिलों को ठेस पहुंची है।

# पीढ़ियों का अनमोल संगम: खेल उत्सव में बुजुर्गों के साथ खिलखिला उठा बचपन

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** रिश्तों की गर्माहट और बचपन की शरारतों का एक ऐसा अनूठा संगम पिछले तीन दिनों से जिले की विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में देखने को मिला, जिसने आधुनिकता की भागदौड़ के बीच पारिवारिक जुड़ाव की एक नई मिसाल पेश की है। बीते 6 अप्रैल से 8 अप्रैल तक आयोजित दादा-दादी, नाना-नानी खेल उत्सव ने न केवल आंगनवाड़ी के बच्चों, बल्कि उनके अभिभावकों और घर के बुजुर्गों के जीवन में भी उत्साह का नया संचार कर दिया। इस आयोजन की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें 126 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए कार्यक्रम को बेहद व्यवस्थित और यादगार बनाया।



उत्सव का आगाज अत्यंत भावपूर्ण रहा, जहाँ नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी परंपरा और संस्कृति का परिचय देते हुए अपने दादा-दादी और नाना-नानी का स्वागत आरती, तिलक और फूलों के गुलदस्ते भेंट कर किया। बच्चों के छोटे-छोटे हाथों से सम्मानित होकर बुजुर्गों की आँखें खुशी से छलक उठीं और पूरा वातावरण प्रेम व आदर की खुशबू से सराबोर हो गया। स्वागत की इस बेला के बाद शुरू हुआ खेलों और मनोरंजन का वह सिलसिला, जिसने उम्र के फासले को पूरी तरह मिटा दिया। खेल के मैदान में उतरे दादा-दादी और नाना-नानी ने बच्चों जैसी ऊर्जा दिखाते हुए म्यूजिक चेयर, रस्साकशी और चम्मच-दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इतना ही नहीं डांस, पेपर कप और ब्लॉक बनाने जैसी गतिविधियों में बुजुर्गों और बच्चों की जुगलबंदी ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस पूरे उत्सव का सबसे भावुक और रोमांचक क्षण वह रहा, जब आँखों पर पट्टी बाँधकर अपने बच्चों को पहचानने की गतिविधि आयोजित की गई। इस अनूठे खेल ने यह सिद्ध कर दिया कि पीढ़ियों के बीच का रिश्ता केवल देखने तक सीमित नहीं होता, बल्कि स्पर्श और आत्मीयता की गहरी जड़ों से जुड़ा होता है। जब बुजुर्गों ने अपनी बंद आँखों के बावजूद अपनी अगली पीढ़ी को पहचान लिया, तो पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट और मुस्कुराहटों से गूँज उठा। समापन की ओर बढ़ते हुए, इस तीन दिवसीय उत्सव ने समाज को यह संदेश दिया कि खुशियों के लिए किसी खास उम्र की सीमा नहीं होती। जहाँ बच्चों को अपने बड़ों का बेशुमार लाड़ मिला।

# कोड़ेबेड़ा के ग्रामीणों ने मनाया जल उत्सव

**जगदलपुर।** जिले के विकासखण्ड लोहंडीगुड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़ेबेड़ा के आश्रित ग्राम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के तहत जल उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में सरपंच श्री डुलबन्धु कश्यप, सचिव श्री रतिराम यादव, स्थानीय पंचों, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों सहित महिला जल वाहिनी के सदस्यों और बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने सहभागिता कर जल संरक्षण के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने स्थानीय लोगों को जल की महत्ता समझाते हुए इस बात पर विशेष जोर दिया कि साफ जल का महत्व सोने से भी कहीं अधिक है, और इसे आने वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित रखना हम सभी का परम दायित्व है। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमले द्वारा चर्चा को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### लाइसेंसी पिस्टल दिखाकर धमकी देकर अवैध वसूली करने वाले आरोपी को कबीरधाम पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कवर्धा।** जिला कबीरधाम में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष शुक्ला के मार्गदर्शन में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कबीरधाम पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। प्रकरण में दिनांक 08.04.2026 को प्रार्थी पिताम्बर गुप्ता, निवासी ग्राम धिरहा, थाना कवर्धा द्वारा थाना कोतवाली में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 02.04.2026 को रात्रि लगभग 10:30 बजे आरोपी सचिन चड्ढा उसकी किराना दुकान में आया और स्वयं को एफसीआई का बड़ा अधिकारी बताते हुए चोरी के चावल खरीदने का झूठा आरोप लगाकर धमकाने लगा। आरोपी द्वारा अपने पास रखी लाइसेंसी पिस्टल दिखाकर प्रार्थी को डराया गया तथा जेल भेजने की धमकी देकर 60,000 रुपये की मांग की गई, जिससे भयभीत होकर प्रार्थी ने 50,000 रुपये आरोपी को दे दिए। उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 140/2026 धारा 308(6) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के कथन लिए गए तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना कोतवाली की टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### महतारी वंदन योजना : ज्योति मानिकपुरी ने सहायता राशि से शुरू की सुकन्या समृद्धि बचत, हर माह कर रहीं निवेश

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं आज महिलाओं के जीवन में केवल आर्थिक सहारा ही नहीं बन रहीं, बल्कि उनके सपनों को दिशा देकर परिवार के भविष्य को भी सुरक्षित कर रही हैं। ऐसी ही प्रेरणादायक मिसाल ग्राम अमलीडीह पंचायत की निवासी श्रीमती ज्योति मानिकपुरी की है, जिन्होंने महतारी वंदन योजना से मिली सहायता राशि का उपयोग अपनी बेटी के उज्ज्वल भविष्य को संवारने में किया है। श्रीमती ज्योति मानिकपुरी वर्ष 2024 से महतारी वंदन योजना के तहत लगातार लाभ प्राप्त कर रही हैं। अब तक उन्हें कुल 26 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिल चुकी है। उन्होंने इस राशि को दैनिक खर्चों में उपयोग करने के बजाय दूरदर्शिता दिखाते हुए बचत के रूप में सुरक्षित रखा। अपनी बेटी के बेहतर भविष्य की चिंता करते हुए ज्योति ने नजदीकी डाकघर में सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खाता खुलवाया। वर्तमान में वे अपनी बेटी के खाते में प्रतिमाह 1 हजार रुपये जमा कर रही हैं। यह नियमित बचत आने वाले समय में बेटी की उच्च शिक्षा, जरूरी आवश्यकताओं और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए मजबूत सहारा बनेगी।



# धनोरा-कातरों में 52.70 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धनोरा एवं ग्राम कातरों में आज 52.70 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित रहे, जिन्होंने पूजा-अर्चना कर कार्यों की आधारशिला रखी।

**धनोरा में 22.20 लाख के कार्य**

ग्राम धनोरा में डोमशेड निर्माण हेतु 10 लाख का भूमिपूजन किया गया। वहीं साहू छात्रावास से मकसूदन लाल सपरे के घर तक 7 लाख तथा वार्ड-01 आंगनबाड़ी से अथर्व कॉलेज तक 5.20 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण किया गया। इन कार्यों से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।

**कातरों में विकास कार्यों की सौगात**

ग्राम कातरों में 30.50 लाख की लागत से विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया गया, जिसमें 5.00 लाख की लागत से ओपन जिम, ठाकुर देव मंदिर के पास 7.00 लाख का अतिरिक्त कक्ष, 2.60 लाख की सीसी रोड, एचडीएफसी बैंक के पास 8.10 लाख का चबूतरा एवं सड़क तथा विभिन्न गलियों में 7.80 लाख की सीसी रोड शामिल है।

**जनता की मांग अनुसार होंगे विकास कार्य : विधायक**

इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र में जनता की मांग के अनुरूप विकास कार्य लगातार किए जा रहे हैं।



उन्होंने कहा कि धनोरा में डोमशेड से सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजनों को बेहतर सुविधा मिलेगी, वहीं सीसी सड़कों से ग्रामीणों, विद्यार्थियों एवं बुजुर्गों को आवागमन में सहूलियत होगी। कातरों में ओपन जिम से युवाओं को फिटनेस के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा तथा मंदिर के पास अतिरिक्त कक्ष धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में उपयोगी साबित होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी और सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रही हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारा जा रहा है।

**बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कुलेश्वरी देवांगन, सरपंच श्रीमती रूलेश्वरी बंजारे, मंडल अध्यक्ष श्रीमती शीतला राजपूत, महामंत्री चंदू देवांगन, पूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे, उपसरपंच श्रीमती संगीता सपरे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# महाविद्यालय स्तर पर होगा काव्यपाठ नए जुड़े सदस्यों का किया सम्मान

### साहित्यिक संस्था 'आरंभ' की तृतीय सांगठनिक बैठक में जुटे साहित्यकार

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाई।** प्रगतिशील जन-विचारधारा की साहित्यिक संस्था 'आरंभ' के तत्वावधान में तृतीय सांगठनिक बैठक भिलाई निवास के इंडियन कॉफी हाउस के सभागार में हुई। संस्था के मुख्य संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा एवं मुख्य सलाहकार आचार्य डॉ. महेश चंद्र शर्मा की उपस्थिति में मुख्य अतिथि नवें दशक के प्रगतिशील कवि शरद कोकास थे। अध्यक्षता देश के नामचीन कथाकार डॉ परदेशीराम वर्मा ने की।

स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य ने दिया। संचालन महासचिव नुरूस्सबाह खान 'सबा' ने किया और आभार व्यक्त कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रजनी नेलसन ने दिया। इस अवसर पर डॉ परदेशीराम वर्मा ने कहा कि लेखन में दृष्टि और दिशा हमें प्रतिबद्धता से मिलती है। अपने आसपास ही हमें लेखन की भरपूर प्रेरणा और सामग्री मिलती है, केवल दृष्टि चाहिए। भिलाई में यह 'आरंभ' परिणाम तक पहुंचकर यशस्वी बने। शरद कोकास ने ज्ञानवान मनुष्य का जिक्र किया। ज्ञान ऐसी चीज है जिसका कोई अंत नहीं। हम कितना कुछ कर लें फिर भी पूर्ण ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकते। किसी ना किसी जगह कमी रह ही जाएगी।

# आज से भिलाई में अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती महाकुंभ का शंखनाद

### सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ रचेगा इतिहास

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाई।** दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल के मार्गदर्शन और कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ पहली बार एक ऐतिहासिक खेल आयोजन का गवाह बनने जा रहा है। आगामी शुक्रवार 10 अप्रैल से रविवार 12 अप्रैल तक इस्पात नगरी भिलाई के 'भिलाई निवास' स्थित साइकिल पोलो ग्राउंड में आयोजित होने वाली अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता की तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के सफल संचालन और भव्य समापन की पूरी जिम्मेदारी स्वयं सांसद विजय बघेल ने उठाई है। प्रतियोगिता प्रतिदिन सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी।

**देशभर के 1100 पहलवानों का महासंग्राम :** सांसद विजय बघेल के निमंत्रण पर देश के 28 राज्यों और



विभिन्न सर्विसेज की टीमों से 1100 से अधिक महिला एवं पुरुष पहलवान भिलाई की धरा पर जुट रहे हैं। खिलाड़ी 120 मेडल और 3 ट्रॉफियों के लिए अपना दमखम दिखाएंगे। आयोजन में विशेष रूप से पूर्व सांसद एवं पूर्व कुश्ती संघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह (नेताजी) और भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह (बबलू) अपनी गरिमामयी उपस्थिति देंगे। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट खिलाड़ी और जॉर्जिया के कोच के साथ भारतीय सेवा की टीमें आकर्षण का केंद्र होंगी।

**देश भर से खिलाड़ियों का आगमन शुरू :** प्रतियोगिता के लिए टीमों का आगमन शुरू हो गया है। सांसद विजय बघेल के निर्देशों पर खिलाड़ियों के ठहरने और सुविधाओं की पुख्ता व्यवस्था की गई है। अब तक जम्मू से 15 बालक एवं 7 बालिकाएं, झारखंड से 10 बालिकाएं, केरल से 10 बालिकाएं और दिल्ली से 4 बालिकाएं अपना दमखम दिखाने पहुंच चुके हैं।

**आयोजन टीम जुटी तैयारियों में :** सांसद विजय बघेल के साथ इस आयोजन को सफल बनाने में समाजसेवी दिलबर यादव, छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ यादव, महासचिव प्रशांत राय, उपाध्यक्ष भूपेंद्र यादव, लक्ष्मण पहलवान, भगवान पहलवान एवं संघ के समस्त पदाधिकारी दिन-रात जुटे हुए हैं। सांसद विजय बघेल ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस भव्य आयोजन में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# कलेक्टर ने खाद बीज दुकानों में दी दबिश, खाद लेने पहुंचे किसानों से सीधे लिया फीडबैक

### पिपरिया में खाद दुकान में मिली एक्सपायर्ड कीटनाशक स्टॉक, जप्त करते हुए दुकानदार को नोटिस

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** जिले में गन्ने की खेती के लिए किसानों द्वारा खाद की खरीदी जोरों पर है। इसी क्रम में खाद विक्रय का निरीक्षण करने कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने गुरुवार शाम कवर्धा के विभिन्न खाद बीज दुकानों में अचानक दबिश दी। उन्होंने दुकानों में खाद खरीदने पहुंचे हुए किसानों से ही सीधे खाद की कीमतों को लेकर फीडबैक लिया। कलेक्टर ने शहर के वर्धमान बीज भंडार, महावीर कृषि केंद्र, शाकम्बरी कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने उपलब्ध स्टॉक, खाद के विक्रय दरों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने दुकानदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा तय कीमतों में ही खाद बेचा जाए। कहीं अधिक दर या कालाबाजारी की शिकायत मिलती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्री वर्मा ने इन दुकानों में खरीदी कर रहे किसानों से यूरिया व डीएपी की कीमतों के बारे में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित कीमत यूरिया 266 प्रति बोरी और डीएपी 1350 रुपए प्रति बोरी के दर से मिल रहा है। कलेक्टर ने दुकानदारों से कहा कि खाद की कीमतों और उपलब्ध स्टॉक का बोर्ड लगाएं। उन्होंने स्टॉक को रोजाना अपडेट करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उप संचालक कृषि को पूरे जिले भर में यह जांच अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों से किसी प्रकार का



समझौता नहीं चलेगा। सरकार द्वारा जो कीमतें तय की गई हैं, उसी दर पर बिक्री हो। जहां भी ओवरप्राइसिंग की शिकायत मिले वहां तत्काल टीम भेजकर कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री आर बी देवांगन, उप संचालक कृषि श्री अमित कुमार मोहंती, तहसीलदार श्री परमेश्वर मंडावी सहित कृषि विभाग का अमला मौजूद रहा। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर श्री आर बी देवांगन और उप संचालक कृषि ने संयुक्त जांच दल के साथ पिपरिया में खाद बीज दुकान का निरीक्षण किया गया। यहां रामानुज संतोष कुमार कृषि निवेश विपणन केंद्र में जांच के दौरान कीटनाशक की कुछ बोतलें एक्सपायर्ड मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सारे स्टॉक की जांच करवाई गई। जो दवा एक्सपायर्ड थी उसे कृषि अमले द्वारा जप्त करते हुए सम्बंधित दुकानदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है।

# खुर्सीपार आंगनबाड़ी केंद्र में 'पोषण और पढ़ाई' कार्यक्रम का सफल आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाई।** सामाजिक योगदान में अग्रणी संस्था गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से गुरुवार को खुर्सीपार ज़ोन-3, वार्ड 48 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण और पढ़ाई कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 11 आंगनबाड़ी केंद्रों से आए गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को, जो अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित थे, विभिन्न आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को सुपोषण किट, प्रोटीन पाउडर, चरणपादुका (चप्पल) तथा मेरी पहली पुस्तक प्रदान की गई, ताकि उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहन मिल सके। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के साथ-साथ उनमें शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करना है।



इस अवसर पर जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बताया कि पोषण और पढ़ाई कार्यक्रम के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों के लिए पढ़ाई से जुड़ी पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे वे प्रारंभिक अवस्था से ही सीखने की ओर प्रेरित हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखेगी। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में सोमा चौरसिया, संजू कश्यप, अनीता मित्रा आदि उपस्थित रहे।

### बाल विवाह रोकथाम के लिए ग्राम पंचायत सचिवों को दिया गया मार्गदर्शन

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंग के निर्देशानुसार व मार्गदर्शन में आज जनपद पंचायत के सभागार में ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक आयोजित की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार बैठक में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह रोकथाम के लिए आवश्यक जानकारी एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार जाम्बुलकर और परियोजना समन्वयक चन्द्रप्रकाश पटेल ने सचिवों को बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत के सचिव को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी घोषित किया गया है। सचिवों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि कहीं भी बाल विवाह न हो और यदि किसी सूचना के माध्यम से बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होती है तो उसे तत्काल रोका जाए।

# 9 मई को नेशनल लोक अदालत का होगा आयोजन

### पैरालीगल वॉलंटियर्स लोगों को कर रहे जागरूक

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार दिनांक 09 मई 2026 को छत्तीसगढ़ राज्य में तहसील न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजित किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किये जाने है। माननीय कु. संघरत्ना भतपहरी, प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध जिले के समस्त थाना प्रभारियों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित थाना प्रभारियों को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु इस स्थापना अन्तर्गत विभिन्न थानाओं में पदस्थ पैरालीगल वालिन्टियर्स द्वारा अपने क्षेत्रों में विभिन्न सुदुर अंचलों के गांवों, नगरों, कस्बों में नेशनल लोक अदालत के लाभों के बारे में बताते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी प्रकार विभिन्न विभागों के नगरों, गांवो में भ्रमण करने वालों वाहनों के माध्यम से भी उक्त नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउन्स अर्थात् 138 वाले मामले, बैंक रिकवरी अर्थात् प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, भरण-पोषण धारा 125 के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद प्रकरण, विद्युत प्रकरण, जलकर प्रकरण, सम्पत्ति कर, टेलीफोन प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है और उपस्थित पक्षकारगण के मध्य उपजे विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा की सम्भावनाओं को तलाश करते हुए, उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिक से अधिक प्रकरणों का चिन्हांकित करते हुए रखा जाना है।



---

## न्यायालय तहसीलदार तहसील व जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

**क्र. 872/प्र.1/तह./2026**
**राप्रक्र........./ब-121 सन् 2025-26**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि आवेदक रूपेन्द्र यादव पिता नारायण यादव जाति राऊत निवासी ग्राम बैजलपुर, तहसील बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय समक्ष अपने पिता नारायण यादव पिता गणेश यादव के मृत्यु पंजीयन हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसकी मृत्यु दिनांक 16/11/2011 को ग्राम बैजलपुर, तहसील व जिला बेमेतरा में होना व भूलवश पंजीयन नहीं करा पाना बताया गया है।

उक्त आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी को दावा/आपत्ति हो तो वे नियत पेशी तारीख 21/04/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयालीन मुहर सहित ईश्तहार जारी।

मुहर

तहसीलदार
बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

---

## न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

**रा.प्र.क्र. 202604100900016 अ/6 वर्ष 2025-26**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम गुजरा प.ह.नं. 32 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ किया जाता है कि आवेदक बाबूलाल जोशी पिता स्व. फगुवाराम साहू निवासी ग्राम मटिया, तहसील पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम गुजरा प.ह.नं. 32 तहसील पाटन, जिला दुर्ग स्थित भूमि वर्तमान खसरा नंबर 846 रकबा 0.20 हे. दर्ज है। उसे सुधार कर रकबा 0.40 हे. दर्ज किये जाने व रकबा में 0.20 हे. की कमी होने के कारण बंदोबस्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदन पेश प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक बाबूलाल जोशी पिता स्व. फगुवाराम साहू निवासी ग्राम मटिया, तहसील पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा दर्शित बंदोबस्त त्रुटि सुधार की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 21/04/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.04.2026 को जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

---

## न्यायालय तहसीलदार अभनपुर

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-अभनपुर पहनं. 00020 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-आरडी202526411630600080

**// ईश्तहार//**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00020 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी अरुण गुप्ता पिता/पति-मोहन लाल गुप्ता पता-सा अभनपुर, कृष्ण कुमार शर्मा पिता/पति-रिसाल सिंग पता-सा अभनपुर, गुलशन गुलाटी पिता/पति-धरम सिंग पता-सा अभनपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 773/1(0.3240) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अरुण गुप्ता पिता/पति-मोहन लाल गुप्ता पता-सा अभनपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/04/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/03/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
अभनपुर (छ.ग.)

---

## न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र./202603101500079/अ-6 अ वर्ष 2025-26, पाटन, दिनांक 25/03/2026**
**ग्राम तुलसी प.ह.नं. 16, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूखन पिता गैबीनाथ निवासी ग्राम चंगोरी, तहसील पाटन, जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम तुलसी प.ह.नं. 16 तहसील पाटन, जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 598 रकबा 0.27 हे. भूमि आवेदक भूखन, सरजू, रामस्वरूप, रामचरण, सुमित्रा पिसरान गैबीनाथ एवं देवरनिन बाई पति गैबीनाथ के नाम पर भूमिस्वामी मद में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि वर्तमान में शासकीय पट्टेदार की भूमि दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। अतः आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार कर शासकीय पट्टेदार की भूमि के स्थान पर भूमिस्वामी किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 15/04/2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थितच होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 25/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

---

## न्यायालय नायब तहसीलदार महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)

**रा.मा.क्र...............अ-6 वर्ष 2025-26,**
**ग्राम-खरोरा प.ह.नं. 36**
**रा.नि.म. बरोण्डाबाजार**
**तहसील व जिला-महासमुंद**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता समस्त ग्रामवासी खरोरा सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक किशोर चोपड़ा पिता नेमीचंद चोपड़ा निवासी गांधी चौक, पुराना सिविल लाईन महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम खरोरा प.ह.नं. 36 स्थित भूमि ख.नं. 78/4 रकबा 0.40 हेक्टे. भूमि को विक्रेता सीमा वासनिक पिता स्व. रामचंद वासनिक से दिनांक 07.12.2022 को क्रय किये हैं। उक्त भूमि के संबंध में माननीय न्यायालय अपर आयुक्त रायपुर संभाग रायपुर द्वारा प्रकरण क्रमांक 202503970100043/297 अ-6 वर्ष 2024-25 में माननीय आयुक्त महोदय द्वारा पारित आदेश दिनांक 12.02.2026 के अनुसार हितबद्ध पक्षकारों को सुनवाई का अवसर देते हुए गुणदोष के आधार पर निराकरण करने हेतु प्रत्यावर्तित किये हैं। जिसके कारण वाद भूमि को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु माननीय न्यायालय आयुक्त रायपुर संभाग रायपुर द्वारा पारित आदेश की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर/दावा/आपत्ति पेश करना है तो वह नियत पेशी तिथि दिनांक 22/04/2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर नियत तिथि तक आपत्ति/दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
महासमुंद

---

## न्यायालय नायब तहसीलदार महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)

**रा.मा.क्र...............अ-6 वर्ष 2025-26,**
**ग्राम-खरोरा प.ह.नं. 36**
**रा.नि.म. बरोण्डाबाजार**
**तहसील व जिला-महासमुंद**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता समस्त ग्रामवासी खरोरा सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक किशोर चोपड़ा पिता नेमीचंद चोपड़ा निवासी गांधी चौक, पुराना सिविल लाईन महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम खरोरा प.ह.नं. 36 स्थित भूमि ख.नं. 78/5 रकबा 0.410 हेक्टे. भूमि को विक्रेता मुस. मंगला पति रामचंद वासनिक से दिनांक 07.12.2022 को क्रय किये हैं। उक्त भूमि के संबंध में माननीय न्यायालय अपर आयुक्त रायपुर संभाग रायपुर द्वारा प्रकरण क्रमांक 202503970100044/298 अ-6 वर्ष 2024-25 में माननीय आयुक्त महोदय द्वारा पारित आदेश दिनांक 12.02.2026 के अनुसार हितबद्ध पक्षकारों को सुनवाई का अवसर देते हुए गुणदोष के आधार पर निराकरण करने हेतु प्रत्यावर्तित किये हैं। जिसके कारण वाद भूमि को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु माननीय न्यायालय आयुक्त रायपुर संभाग रायपुर द्वारा पारित आदेश की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर/दावा/आपत्ति पेश करना है तो वह नियत पेशी तिथि दिनांक 22/04/2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर नियत तिथि तक आपत्ति/दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
महासमुंद

---

### दस दिवसीय शतरंज समर कोचिंग कैंप 16 अप्रैल से भिलाई में

**दुर्ग/भिलाई।** जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा 16 अप्रैल से 25 अप्रैल तक रिसाली भिलाई स्थित प्रदेश शतरंज संघ के कार्यालय में दस दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण शिविर आयोजित की गई है। जिसमें प्रशिक्षक सिनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे।

---

## न्यायालय नायब तहसीलदार पिथौरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)

**नोटिस**

**क्रमांक/505/वा.ना.तह./2025** पिथौरा, दिनांक 06.04.2026

**प्रति,**

1. प्रितपाल सिंह पिता स्व. त्रिलोक सिंह निवासी ग्राम सांकरा, तहसील पिथौरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.), 2. सुरिन्दर कौर पिता स्व. त्रिलोक सिंह निवासी अजमानी गुरूद्वारा काम्पलेक्स रेडियम हाउस पिथौरा, जिला महासमुंद (छ.ग.), 3. रजिन्दर कौर पिता स्व. त्रिलोक सिंह निवासी जयराम नगर बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.), 4. हरदीप कौर पिता स्व. त्रिलोक सिंह निवासी मस्जिद पारा पिथौरा, जिला महासमुंद (छ.ग.), 5. जसबीर कौर पिता स्व. त्रिलोक सिंह निवासी न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.), 6. हरजीत कौर पिता स्व. त्रिलोक सिंह निवासी कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.), 7. जगजीत सिंह पिता स्व. रजिन्दर सिंह निवासी ग्राम सांकरा, जिला महासमुंद (छ.ग.), 8. बलजीत सिंह पिता स्व. रजिन्दर सिंह निवासी ग्राम सांकरा, जिला महासमुंद (छ.ग.), 9. हरप्रीत कौर पिता स्व. रजिन्दर सिंह निवासी ग्राम सांकरा, जिला महासमुंद (छ.ग.), 10. जसप्रीत सिंह पिता स्व. सुरजीत सिंह निवासी ग्राम सांकरा, जिला महासमुंद (छ.ग.), 11. खुशप्रीत सिंह पिता स्व. सुरजीत सिंह निवासी ग्राम सांकरा, जिला महासमुंद (छ.ग.), 12. नाबालिग नवदीप कौर पिता स्व. सुरजीत सिंह, 13. परविंदर कौर पिता स्व. सुरजीत सिंह। दोनों निवासी राजीव नगर झाबरपाली रोड दिपिका कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)।

**विषयः- पेशी तिथि के दिन उपस्थित होने बाबत।**

इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 202602122800002/अ-27/वर्ष 20-25-26, आवेदिका परमजीत कौर पति श्री जसपाल सिंग निवासी वार्ड नंबर जनता सायकल स्टोर के पीछे धमतरी रोड अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. कास्त ग्राम सांकरा, तहसील पिथौरा, जिला महासमुंद छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि उसके एवं अनावेदकगण प्रितपाल सिंह पिता स्व. त्रिलोक सिंह साकिन सांकरा अन्य 13 के संयुक्त स्वामित्व में ग्राम सांकरा प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. सांकला, तहसील पिथौरा, जिला महासमुंद में भूमि ख.नं. 22/3, 22/4, 23/1, 68/1, 121, 422/1, 430/3, 430/5, 431/3, 431/5, 434/1, 335/31 रकबा क्रमशः 0.47, 0.08, 0.90, 0.16, 0.03, 0.03, 0.02, 0.74, 0.01, 0.08, 0.04, 0.23 हे. कुल ख.नं. 12 योग रकबा 2.79 हे. भूमि धारित है। उपरोक्त भूमि को 1/9 अंश के आधार पर खाता विभाजन किये जाने निवेदन किया गया है।

अतः आप सभी पेशी दिनांक 27/04/2026 को इस न्यायालय में अपना उपस्थिति देना सुनिश्चित करें। आपके अनुपस्थिति होने की स्थिति में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

मुहर

नायब तहसीलदार
पिथौरा (सांकरा)

---

## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, राजनांदगांव ( छ.ग. )

**निविदा क्र. 01/निविदा प्रकोष्ठ/का.अ./लो.स्वा.यां. खण्ड/2026**

**राजनांदगांव, दिनांक 06.04.2026**

### निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत जिला राजनांदगांव के विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम सांकरा के लाईवलीहुड कालेज में पेयजल व्यवस्था हेतु पंपिंग मेन कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित संलग्न शेड्यूल अनुसार) हेतु मुहरबंद निविदा प्रपत्र अ में दिनांक 06.04.2026 आमंत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित लागत रूपए 4.39 लाख निर्धारित है।

निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिए खंड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 27.04.2026 है। उपरोक्त निविदा की अन्य शर्तें, विस्तृत विवरण व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड,**
**राजनांदगांव ( छ.ग )**

जी-262700087/4

## न्यूज ब्रीफ

### दीनदयाल को भृत्य पद पर मिली अनुकम्पा नियुक्ति

**महासमुंद।** छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र में निहित प्रावधन के अनुसार दीनदयाल ध्रुव पिता परमानंद ध्रुव निवासी ग्राम मुडमार, तहसील एवं जिला महासमुंद को भृत्य पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने दीनदयाल ध्रुव को नियुक्ति प्रदान करते हुए उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अनुकम्पा नियुक्ति शासन की प्राथमिकता में है। ऐसे प्रकरणों को समय सीमा में समाधान करें। अनुकम्पा नियुक्ति केवल एक कर्मचारी तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करता है। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे प्रकरणों पर संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने बताया कि दीनदयाल ध्रुव को विकासखंड महासमुंद अंतर्गत शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बोरियाझर में भृत्य पद पर पदस्थ किया गया है। दीनदयाल ध्रुव को आदेश जारी होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपने पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही नियुक्ति शासन द्वारा निर्धारित अन्य नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी।



### कक्षा 7वीं एवं 11वीं अंग्रेजी माध्यम में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन 20 तक

**महासमुंद।** शिक्षा सत्र 2026.27 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग ने बताया कि कक्षा 7 वीं, 9वीं एवं 11वीं अंग्रेजी माध्यम में रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। वर्तमान में केवल बालकों के लिए 8 सीटें रिक्त हैं, जिनमें कक्षा 7वीं में 1 सीट तथा कक्षा 11वीं में 7 सीटें शामिल हैं। इच्छुक छात्र.छात्राएं 20 अप्रैल तक विद्यालय कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 30 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग परिसर में ही आयोजित होगी। यह परीक्षा बहुविकल्पीय होगी, जिसमें प्रश्न पत्र को पांच खंडों में विभाजित किया जाएगा और प्रत्येक खंड से 20.20 प्रश्न पूछे जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अवलोकन कर सकते हैं या कार्यालयीन समय पर विद्यालय कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इस संबंध में प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग द्वारा सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है।

# डेढ़ करोड़ के गांजा समेत दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

### टाटा वाहन में ओड़िशा से महाराष्ट्र ले जा रहे थे

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** सिंघोड़ा पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर ग्राम रेहटीखोल में एक टाटा वाहन के डाला से 15 बोरियों में 312 किलो 590 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मामले में मध्यप्रदेश व कर्नाटक के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गांजा को सोनपुर ओडिशा से मुंबई महाराष्ट्र ले जा रहे थे।




मिली जानकारी के अनुसार सिंघोड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की ओडिशा से गांजे की एक बड़ी खेप टाटा वाहन से जिले की ओर आ रही है। सूचना पर पुलिस ने एन एच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल पहुंच घेराबंदी की। कुछ देर बाद मुखबिर के बताये अनुसार लाल रंग की टाटा वाहन क्रमांक के ऐ 13 डी 7710 को रोका गया। वाहन में दो व्यक्ति सवार थे जिन्होंने अपना नाम पता थाना मैसुर जिला मैसुर कर्नाटक निवासी इम्तियाज खान पिता मोहम्द अली 48 वर्ष, बगल सीट पर बैठे कडोई थाना लालबर्रा जिला बालाघाट मप्र निवासी रवि प्रकाश राउत कर पिता तानु लाल राउतकर 45 वर्ष बताया। पुलिस ने जब वाहन का डाला खोलकर तलाशी ली तो 15 बोरियों के अंदर खाखी रंग की टेप से टेपिंग किया हुआ पैकेटों में भरा हुआ गांजा मिला। पुलिस के अनुसार प्रत्येक बोरी में अलग. अलग वजन का गांजा भरा हुआ था जो कुल वजनी 321, 590 किलो था। जिसका बाजार मूल्य 1 करोड़ 54 लाख 34 हजार 500 रूपये आंका गया है। आरोपियों ने बताया कि वे ओडिशा के सोनपुर से गांजा तस्करी कर मुंबई महाराष्ट्र खपाने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से गांजा सहित तस्करी में प्रयुक्त टाटा आइचर वाहन व दो नग मोबाइल जब्त किया।

### पिट्ठू बैग में मिला पांच किलो गांजा, 1 गिरफ्तार

इधर सरायपाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ओडिशा से गांजा लेकर आ रहे सरायपाली निवासी के पास से 4.90 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से गांजा सहित बाइक, एक मोबाइल जब्त कर उसके खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट 20;बी तहत कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार सरायपाली पुलिस को पट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति बाइक से ओडिशा की ओर से गांजा लेकर सागरपाली भंवरपुर तरफआ रहा है । सूचना पर पुलिस ने ग्राम केन्दुढार कबीर आश्रम के सामने मेन रोड पर घेराबंदी की । कुछ देर बाद एक लाल रंग के बाइक क्रमांक ओ आर 17 सी 1146 से एक व्यक्ति आते दिखा जिसे रोका गया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम पता वार्ड नंबर 14 थाना सरायपाली जिला महासमुंद निवासी दुर्गाप्रसाद वैष्णव पिता स्व. पौलस्य दास वैष्णव 26 वर्ष बताया। पुलिस ने संदेह के आधार पर जब उसकी तलाशी ली तो उसके पिट्ठू बैग के अंदर दो पारदर्शी झिल्ली एक में 1,800 किलो व दूसरी झिल्ली में 2,632 कुल 4 किलो 432 ग्राम गांजा कीमत 2 लाख 45 हजार रूपये बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा सहित आरोपी के पास से एक नग मोबाइल व बाइक भी जब्त कर नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाई की है।

# किसानों को अधिक से अधिक हरी खाद उपयोग करने की सलाह



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को अधिक से अधिक हरी खाद का उपयोग करने एवं हरी खाद तैयार करने की सलाह दी गई है। महासमुंद जिले में हरी खाद का लक्ष्य 1600 हेक्टेयर प्रस्तावित है। उप संचालक कृषि एफ्आर कश्यप ने बताया कि हरी खाद ऐसी फसलें हैं जिन्हें विशेष रूप से मिट्टी की उर्वरता और संरचना को बढ़ाने और बनाए रखने के लिए उगाया जाता है। इन्हें आमतौर पर सीधे या फिर मिट्टी से निकालकर खाद बनाने के बाद वापस मिट्टी में मिला दिया जाता है। हरी खाद का उपयोग दलहनी फसलों में सन, ढैंचा, लोबिया, उड़द, मूंग, ग्वार आदि फसलों का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इन फसलों की वृद्धि शीघ्र एवं कम समय में हो जाती है। पत्तियाँ बड़ी वजनदार एवं बहुत संख्या में रहती है एवं इनकी उर्वरक तथा जल की आवश्यकता कम होती है, जिससे कम लागत में अधिक कार्बनिक पदार्थ प्राप्त हो जाता है। यह मृदा में नाइट्रोजन की भरपूर आपूर्ति करती है। बोआई के 35.40 दिनों में ;फूल आने से पहले के बाद पलटने से 50.60 किग्रा हे. नाइट्रोजन प्रदान करती है। हरी खाद के प्रयोग में मृदा भुरभुरी, वायु संचार में अच्छी, जलधरण क्षमता में वृद्धि, अम्लीयता, क्षारीयता में सुधार एवं मृदा क्षरण में भी कमी होती है। हरी खाद के प्रयोग से मृदा में सूक्ष्मजीवों की संख्या एवं क्रियाशीलता बढ़ती है तथा मृदा की उर्वरा शक्ति एवं उत्पादन क्षमता में वृद्धि होती है।

# कुएं में मिली बोरी में बंधी लाश, फैली सनसनी

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** बागबाहरा मार्ग स्थित लभराखुर्द इलाके में सब स्टेशन के पीछे एक पुराने व सुनसान कुएं में गुरूवार की सुबह एक बोरी में अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली। इसकी जानकारी तब हुई जब स्थानीय लोगों को तेज सड़न की बदबू आने लगी, जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। पुलिस ने कुंए से शव बाहर निकलवाया। बताया जाता है कि शव 20.25 दिन पुराना है। फ्लिहाल पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। रिपोर्ट के बाद ही हत्या किस प्रकार हुई है, इसकी जानकारी होगी। मालूम हो कि जिले में अपराधिक मामलों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। चाकूबाजी, चोरी, लूट की घटना तो अब आम बात हो गई है। वहीं हत्या के भी मामले बढ़ रहे हैं। अभी हाल ही में ग्राम खट्टी के हिच्छा मार्ग स्थित जंगल में ग्राम खैराभांठा निवासी प्रकाश पटेल की अज्ञात ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी थी। मामले में अभी आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। वहीं आज सुबह लभराखुर्द सरपंच गंगाराम कुर्रे ने पुलिस को सूचना दी कि सब स्टेशन के पीछे एक पुराने व सुनसान कुएं से सड़न की बदबू आ रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुंए में एक बंद बोरी तैरती पाई। स्थानीय लोगों की मदद से बोरे को कुंए से बाहर निकाला गया, जिसमें एक व्यक्ति की लाश मिली। देखने से मालूम होता है कि व्यक्ति की लाश को बोरी में बंद करने के बाद उसे मोटी रस्सी से कसकर बांधा गया, फिर भारी.भरकम बड़े पत्थर लटकाकर कुएं में फेंक दिया गया, ताकि शव हमेशा के लिए नीचे दबा रहे और कभी किसी को भनक न लगे। शव की हालत इतनी खराब थी कि चेहरा, निशानियाँ या पहचान के कोई भी साफ संकेत बाकी नहीं थे। पुलिस अब पूरे जिले के थानों से गुमशुदगी की रिपोर्ट्स खंगाल रही है। डीएनए टेस्ट, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की हर एंगल से जांच तेज कर दी गई है।



# आवास योजना से हीरा के परिवार का पक्के घर का सपना हुआ साकार

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में रहने वाले विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के जीवन स्तर को सुधारने हेतु पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है।




जिससे उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध हो और बेहतर जीवनयापन कर सके। महासमुंद जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के चिन्हांकित 678 कच्चे मकान में निवासरत परिवारों के लिए पीएम जनमन आवास योजना से स्वीकृति उपरांत लगभग सभी परिवारों को पक्का छत मिल गया है। इसी क्रम में जिले के ग्राम झालखम्हरिया की कमार जनजाति की श्रीमती मधु कमार के जीवन में एक नया उजाला तब आया, जब उन्हें पीएम जनमन आवास योजना के अंतर्गत अपना पक्का घर मिला। वर्षों से घास.फूस और मिट्टी के कच्चे मकान में रहकर कठिनाइयों का सामना कर रही मधु कमार और उनके पिता श्री हीरालाल कमार के लिए यह आवास किसी सपने के साकार होने से कम नहीं है। श्रीमती मधु कमार बताती हैं कि पहले उनका परिवार बारिश, गर्मी और ठंड के मौसम में काफी परेशानियों से गुजरता था। कच्चे मकान की वजह से सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बनी रहती थीं। लेकिन अब पक्का आवास मिलने से उनके जीवन में स्थिरता, सुरक्षा और सम्मान का भाव आया है। श्रीमती मधु कमार के पिता हीरालाल ने भावुक होकर बताया कि अब उन्हें अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में रहने का अवसर मिला है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनके जैसे जरूरतमंद परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अब उनका परिवार निश्चिंत होकर खुशी.खुशी जीवन यापन कर रहा है।

# एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर हुआ ध्वजारोहण

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के स्थापना दिवस के अवसर पर गुरूवार को कांग्रेस भवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, प्रभारी हितेंद्र ठाकुर,पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री अमरजीत चावला, दाऊलाल चंद्राकर, मोहित ध्रुव, हीरा बंजारे, भरत ठाकुर, एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष लोकेश चंदन साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरुमीत चावला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर एवं ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शाहबाज राजवानी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की छात्र इकाई है, जिसकी स्थापना स्व श्रीमती इंदिरा गांधी के मार्गदर्शन में युवाओं को संगठित करने एवं छात्र शक्ति को देश निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने कहा कि एनएसयू ने हमेशा शिक्षा, रोजगार एवं छात्र हितों के मुद्दों पर संघर्ष करते हुए युवाओं की आवाज को बुलंद किया है और आगे भी यह संघर्ष जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जुड़कर इसे मजबूत बनाने का आह्वान किया जिसमे प्रमुख रूप से दीपेश ध्रुव, पार्थित पांडे, हितेश शर्मा , अनीश यादव , विनय जयश्वाल, आर्य गिलहेरे, भुनेश्वर दीवान,घनश्याम साहू, पुष्कर साहू, सितेश साहू, अंशु डेडसेना, मुकुंद कन्नौजे, चुन्नीलाल साहू, हर्ष साहू, छोटू ध्रुव, युवराज सिंह ठाकुर, दीपक साहू यु,वराज कन्नौजे,फ्लेश साहू आदि उपस्थित थे।



# गांजा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को मिली 15-15 साल की सजा

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** गांजा परिवहन के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर दो अभियुक्तों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (।।) (ग) के तहत विशेष न्यायाधीश सुश्री संघपुष्पा भतपहरी ने 15-15 साल के सश्रम कारावास और डेढ डेढ लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर एक-एक वर्ष का पृथक से सश्रम कारावास भुगताया जाएगा। अभियोजन के अनुसार कोमाखान थाना को 25 अप्रैल 23 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति सफेद रंग के महिंद्रा मार्सल ग्राड़ी क्र. ओआर 02 एन 4031 में अवैध रूप से गांजा रखकर विक्रय के लिए ओडिशा राज्य से आ रहे है।

सूचना पर टेमरीनाका पहुंचकर घेराबंदी की गई। मुखबिर के बताए गाड़ी आने पर उसे रोककर पूछताछ की गई तो वाहन चालक ने अपना नाम मामड़ी पाका सतीश पिता माधवराव ग्राम कोमादारी विशाखापटनम बताया। बगल में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम वंकरा सुनील माइकल पिता बी जेसूदास कोमादारी विशाखापटनम बताया। आरोपियों को मुखबिर की सूचना से अवगत कराकर वाहन की तलाशी ली गई तो गाड़ी के पीछे सीट के नीचे बने एक चेंबर तथा गाड़ी के उपर छत को उठाकर देखने पर सौ किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। आरोपियों को गिरफ्तार कर विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। जहां से आरोप सिद्ध होने पर सजा सुनाई गई। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से विफल हो चुकी है: रश्मि

### आए दिन हो रही अपराधिक घटनाएं

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि शांति की मिसाल माना जाने वाला महासमुंद अब अपराध की आग में जल रहा है। जिले में लगातार एक के बाद एक लाश मिलने की घटनाओं से पूरे इलाके में भय और सनसनी का माहौल बन गया है।अभी पिछले हफ्ते जिले के ग्राम खट्टी के एक भयानक घटना ने सबको हिला दिया था, लेकिन उसका घाव भरने से पहले ही एक और दिल दहला देने वाला मामला सामने आ गया है। इस बार बागबाहरा रोड पर स्थित लभरा खुर्द इलाके में सब स्टेशन के ठीक पीछे एक पुराने सुनसान कुएं ने अपना राज खोल दिया। स्थानीय लोग दहशत में हैं और अपने घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। इन घटनाओं ने जिले की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने प्रशासन से जल्द से जल्द इन मामलों का खुलासा करने और दोषियों को पकड़ने की है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से विफ्ल हो चुकी है और अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। डॉ रश्मि ने आरोप लगाया कि सरकार अपराध रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि महासमुंद जैसे शांत जिले में इस तरह की घटनाओं का लगातार सामने आना बेहद चिंताजनक है। यह दर्शाता है कि प्रशासनिक स्तर पर कहीं न कहीं बड़ी चूक हो रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर अपराधी इतने बेखौफ कैसे हो गए हैं कि एक के बाद एक वारदात को अंजाम दे रहे हैं, प्रदेश की जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है और सरकार की प्राथमिकता आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना होनी चाहिए। डॉ रश्मि चंद्राकर ने मांग की कि इन सभी मामलों की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए, साथ ही एक विशेष जांच दल का गठन किया जाए ताकि जल्द से जल्द सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने कहा कि सिर्फ घटनाओं के बाद औपचारिक कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि सरकार को अपराध रोकने के लिए ठोस और प्रभावी रणनीति बनानी होगी। डॉ रश्मि चंद्राकर पुलिस व्यवस्था को और मजबूत करने, गश्त बढ़ाने और संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।



# जनपद उपाध्यक्ष ने कलेक्टर से की घटिया सड़क निर्माण की शिकायत, सौंपा ज्ञापन

### एनएच 353 पर ठेकेदार की लापरवाही मुरूम की जगह मिट्टी भरकर सस्ता काम

समवेत शिखर संवाददाता

**बागबाहरा।** नेशनल हाईवे-353 के बागबाहरा से आगे फुलवारी से कोमाखान चौकड़ी तक सड़क निर्माण में ठेकेदार की घोर लापरवाही सामने आई है। गुणवत्ता मानकों की अनदेखी करते हुए मुरूम की जगह सस्ती मिट्टी भरकर लेवलिंग और साइड शोल्डर का काम किया जा रहा है। ऊपर से नेशनल हाईवे विभाग के अधिकारी ठेकेदार को खुला संरक्षण दे रहे हैं, जिससे स्थानीय जनता में रोष फैल गया है। कार्य 50 प्रतिशत पूरा होने के बावजूद कोई प्रोग्रेस बोर्ड या तकनीकी विवरण वाला साइनबोर्ड नहीं लगाया गया, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार न इस घटिया तरीके से हो रहे गुणवत्ता हीन सड़क निर्माण की शिकायत महासमुंद कलेक्टर से की है ।



जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने कहा नेशनल हाईवे विभाग द्वारा इस 5 किमी के सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है पहले निर्माण के नाम पर कई पेड़ो की कटाई किया गया था । कार्य प्रारंभ से पहले ठेकेदार द्वारा किसी पर के साइन बोर्ड नहीं लगाया गए है जिसके की सड़क पर लगने वाली सामग्री एवं मात्रा की जानकारी नहीं प्राप्त हो रही है पारदर्शिता को छुपाने के लिए बोर्ड नहीं लगाया गए । घुमावदार सड़क को सीधा करने के लिए पुनः नए सड़क का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन अधिकारी एवं ठेकेदार द्वारा कुछ रसूखदार लोगों के जमीन को छोड़कर सड़क को फिर से घुमावदार बनाया जा रह है । जिसके चलते सड़क दुर्घटना फिर से बढ़ जाए।

जनपद उपाध्यक्ष तरुण ने कहा कि यह मेरा जनपद क्षेत्र है। यहां पर लापरवाही बरदाश्त नहीं किया जाएगा । ठेकेदार की मनमानी के मुरूम के बजाय मिट्टी से लेवलिंग किया जा रह है। डामर बिछाने से पहले 20 फुट चौड़ी सड़क का लेवल भी इसी मिट्टी से भरा गया। ठेकेदार द्वारा शासन को चुना लगाते हुए ग्रामीणों के वन भूमि पट्टे से बिना अनुमति के मिट्टी खोदी गई है।

तरुण व्यवहार ने बताया कि एनएचआई के अधिकारियों एवं टेक्स की मिलीभगत है । फोन पर सब इंजीनियर को शिकायत की गई, लेकिन कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला। इंजीनियर को लिखित शिकायत दी गई तो भी कार्रवाई का आश्वासन नहीं दिया गया।

स्थानीय सरपंचों ने भी ठेकेदार के खिलाफ विरोध जताया। एक सरपंच ने बताया, ÷हमने गुणवत्ता पर सवाल उठाए तो ठेकेदार ने बड़े नेताओं का नाम लेकर हमें धमकाया और चुप करा दिया। सड़क अगर कमजोर बनी तो जनता का क्या होगा? हादसे बढ़ेंगे और यात्रा कष्टदायक हो जाएगी।÷ कार्य की खराब गुणवत्ता से न केवल सड़क की आयु कम होगी, बल्कि वाहन चालकों को जोखिम भी बढ़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि मुरूम के बिना सड़क का बेस कमजोर रहता है, जो बारिश में धंस सकता है।

एनएचआई के अधिकारियों ने जब इसकी पुष्टि के लिए संपर्क किया गया तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। विभागीय नियमों के अनुसार ठेकेदार को कार्य प्रगति का बोर्ड लगाना अनिवार्य है, जिसमें लागत, समयसीमा और तकनीकी पैमाने दर्ज होने चाहिए। बिना अनुमति वन भूमि से मिट्टी खोदना पर्यावरण नियमों का भी उल्लंघन है।

क्षेत्रीय जनता और जनप्रतिनिधि ने उच्च अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि कड़ी जांच हो, ठेकेदार पर एक्शन लें और सड़क को गुणवत्तापूर्ण बनवाएं। अन्यथा आंदोलन को मजबूर होना पड़ेगा।÷ यह मामला न केवल स्थानीय सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाता है, बल्कि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता की कमी को भी उजागर करता है।

### सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध

**राजनांदगांव।।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों के लिए पर्याप्त संख्या में दवाईया उपलब्ध करायी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले में दवाओं की सप्लाई सीजीएमएससी ड्रग वेयर हाऊस केन्द्र से ऑनलाईन मांग लिया जाता है। जिसके परिपक्ष में मांग अनुसार आपूर्ति कराया जाता है। वर्तमान में मांग अनुसार कुछ दवाईयों की आपूर्ति की जा रही है। जो दवाएं एवं समाग्री सीजीएमएससी में उपलब्ध नहीं होने पर जिला स्तर पर स्थानीय खरीदी एवं जीवनदीप समिति द्वारा पूर्ति की जा रही है। वर्तमान में जीवन रक्षक दवाओं के साथ एन्टीरेबीज वैक्सीन, टिटनेस का इंजेक्सन, एन्टी बायोटीक्स, बीपी, शुगर, दर्द निवारक दवाईयां एवं आवश्यक समाग्री का क्रय कर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को वितरित किया जा चुका है। साथ ही मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरगी में प्रधानमंत्री जन औषधी केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। सभी स्तर पर दवाओं की पर्याप्त पूर्ति है।

## न्यूज ब्रीफ

### महतारी मूर्ति तोड़े जाने के विरोध में किए आंदोलन के दर्ज मामले में मिली जमानत अमित को



**खरोरा।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल को छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति तोड़े जाने के विरोध में किए आंदोलन के फलस्वरूप दर्ज मामले में मिली जमानत। जेसीपी सुप्रीमो अमित बघेल के ऊपर देशभर के विभिन्न राज्यों के थानों में दर्ज है ज्ञात हो कि तेलीबांधा रायपुर में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़े जाने पर अमित बघेल ने प्रशासन और शासन को ललकारा था। छत्तीसगढ़ के पुरखों के अपमान के खिलाफ और छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को अक्षुण बनाये रखने 5 दिसंबर 2025 को सर्व छत्तीसगढ़िया समाज ने महतारी अस्मिता रैली निकाली थी। इसी दिन अमित बघेल की माताजी सरस्वती बघेल का स्वर्गवास हो गया दूसरी ओर अमित बघेल ने पुलिस के समक्ष समर्पण किया था। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने छह राज्यो में दर्ज मामलो में एक साथ राहत देते हुवे अमित बघेल को जमानत दे दिया।

### मंडल में अल्पसंख्यक मोर्चा का गठन



**खरोरा।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर खरोरा मंडल (जिला रायपुर ग्रामीण) में अल्पसंख्यक मोर्चा का गठन किया गया है। इस अवसर पर संगठन द्वारा पदाधिकारियों की सूची भी जारी की गई, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष राशिद अली ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह गठन संगठन को मजबूत बनाने और समाज के सभी वर्गों को जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जारी पदाधिकारियों की सूची इस प्रकार हैः राशिद अली - अध्यक्ष, संदीप छाबड़ा - महामंत्री,वसीम कुरैशी - महामंत्री, अभिजीत सिंह चांवला ङ्क उपाध्यक्ष, समीर खान - उपाध्यक्ष, अयान अली - उपाध्यक्ष, शफीक खान (बाबा) - मंत्री, कादर खान - मंत्री, दिलजीत सिंह छाबड़ा - मंत्री, आशिक खान - कोषाध्यक्ष, नूर खान - मीडिया प्रभारी। सभी पदाधिकारी खरोरा क्षेत्र से ही संबंधित हैं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# कलेक्टर के निर्देश की खुलेआम अवहेलना, देर रात तक जारी अवैध मिट्टी उत्खनन!

### प्रतिबंध के बावजूद रात के अंधेरे में चल रहा खनन, प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**समवेत शिखर संवाददाता**

**गरियाबंद।** जिले में कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अवैध मिट्टी उत्खनन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है।देर रात तक चैन माउंटेन मशीन के माध्यम से नया तालाब में खुलेआम मिट्टी का अवैध खनन कर हाइवा से परिवहन किया जा रहा है।जिससे प्रशासनिक आदेशों की धज्जियां उड़ रही हैं। इस अवैध गतिविधि से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है,बल्कि शासन को राजस्व की भी भारी क्षति हो रही है।

नगर में बन रहे पैरी कालोनी से सर्किट हाउस तक फोर लाइन सड़क के निर्माण में डालने के लिए रात के समय नया तालाब से अवैध रूप से मिट्टी का उत्खनन कर उसे निर्माण कार्यों में खपाया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा पूर्व में स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार का उत्खनन पूर्णतःप्रतिबंधित रहेगा,साथ ही शाम छै बजे के बाद उत्खनन पर कठोर कार्यवाही किया जायेगा,लेकिन इसके बावजूद खनन माफिया बेखौफहोकर अपने काम में लगे हुए हैं।



स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय भारी मशीनों की आवाज और हाइवा की आवाजाही से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहता है।कई बार इसकी शिकायत प्रशासन से की गई,लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने से खनन माफिाओं के हौसले बुलंद हैं।इस तरह के अवैध उत्खनन से भूमि का संतुलन बिगड़ता है,भूजल स्तर प्रभावित होता है और भविष्य में गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा होने के साथ राजस्व का भी नुक्सान हो रहा है।

जबकि लगातार शिकायत के बाद कलेक्टर के द्वारा ये उत्खनन रोकने का निर्देश दिया गया था लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है, तो यह सवाल उठना लाजमी है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी क्या कर रहे हैं? क्या खनन माफिाओं को किसी का संरक्षण प्राप्त है या फिर प्रशासनिक उदासीनता इसका कारण है।

यदि समय रहते प्रशासन सख्त कदम नहीं उठाता है, तो अवैध उत्खनन का यह खेल और भी व्यापक रूप ले सकता है।जरूरत है कि जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करें और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## पानी की समस्या के समाधान के लिए समोदा डेम से पाइपलाइन बिछाने के कार्य में तेजी



**समवेत शिखर संवाददाता**

**खरोरा।** नगर में पेयजल संकट को दूर करने के लिए समोदा डेम से खरोरा तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से जारी है। इसी सिलसिले में विभागीय अधिकारियों एवं नगर पंचायत की टीम के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, उपाध्यक्ष, सीएमओ, इंजीनियर और पार्षदगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर परियोजना से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और जरूरी विषयों पर विस्तार से चर्चा की। चर्चा के बाद नगर पंचायत के प्रतिनिधियों और पीएचई विभाग के अधिकारियों ने समोदा डेम से खरोरा तक प्रस्तावित पाइपलाइन मार्ग का निरीक्षण भी किया। इस दौरान अधिकारियों ने कार्य में आ रही चुनौतियों और तकनीकी समस्याओं की जानकारी साझा की। पीएचई विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि पाइपलाइन कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि खरोरा नगर के लोगों को पानी की समस्या से जल्द राहत मिल सके।

## मिशन गांव चलो अभियान में कांग्रेस की बढ़ती ताकत

### भाजपा को बड़ा झटका : कार्यकर्ता थाम रहे कांग्रेस का दामन, गांव-गांव पहुंच रहे कार्यकर्ता , जनसमर्थन में इजाफा

**समवेत शिखर संवाददाता**



**गरियाबंद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा और पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रूपेश साहू के उपस्थित में मिशन गाँव चलो अभियान के तहत संगठन को निचले स्तर तक और अधिक मजबूत करने के लिए वार्ड कमेटी एवं बूथ कमेटी पंचायत कमेटी के गठन की प्रक्रिया जारी है।

ज्ञात हो कि जिले में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे ÷मिशन गांव चलो अभियान÷ का असर अब साफतौर पर नजर आने लगा है। इस अभियान के तहत कांग्रेस नेताओं की सक्रियता और ग्रामीणों से सीधा संवाद पार्टी के पक्ष में माहौल बना रहा है। परिणामस्वरूप बीजेपी के कई कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम रहे हैं,जिससे स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

मिशन गांव चलो अभियान÷ के तहत कांग्रेस के जिला,ब्लॉक और मंडल स्तर के पदाधिकारी लगातार गांवों का दौरा कर रहे हैं,जिसमे आज राजिम विधानसभा अंतर्गत बेलर मंडल के ग्राम पंचायत देवगांव में बुथ एवं पंचायत कमेटी का गठन समस्त कांग्रेस जनों की उपस्थिति में किया गया वही बीजेपी से महेश साहू,द्वारका साहू,गोविंद साहू,सोनू ध्रुव,गोपेश साहू,बुधराम साहू,को पार्टी गमछा पहनकर कांग्रेस के सदस्यता ग्रहण कराया।

इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान का भरोसा दिलाया जा रहा है। किसानों,युवाओं और महिलाओं के बीच कांग्रेस की योजनाओं और नीतियों को लेकर जागरूकता बढ़ाई जा रही है।

इसी कड़ी में कई स्थानों पर आयोजित बैठकों और जनसंपर्क कार्यक्रमों के दौरान बीजेपी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इन कार्यकर्ताओं का कहना है कि कांग्रेस की जमीनी सक्रियता और जनहित की नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने यह निर्णय लिया है।बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में दर्जनों कार्यकर्ता बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं।इससे कांग्रेस संगठन को मजबूती मिल रही है,वहीं बीजेपी के लिए यह चिंता का विषय बनता जा रहा है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि ÷मिशन गांव चलो अभियान÷ का उद्देश्य गांव-गांव जाकर जनता की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए संघर्ष करना है।उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में और भी लोग कांग्रेस से जुड़ेंगे।

जिले में ÷मिशन गांव चलो अभियान÷ के जरिए कांग्रेस जिस तरह से अपनी पकड़ मजबूत कर रही है, उससे आगामी समय में राजनीतिक समीकरण बदलने की संभावना जताई जा रही है।लगातार हो रहे दल-बदल ने स्थानीय राजनीति को गरमा दिया है और दोनों प्रमुख पार्टियों के बीच प्रतिस्पर्धा और भी तेज हो गई है।

## रामलला तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्रद्धालु हुए रवाना

**समवेत शिखर संवाददाता**





**छुरा।** जनपद क्षेत्र से आज रामलला तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं का दल भगवान श्रीराम के दर्शन हेतु हर्षोल्लास के साथ रवाना हुआ।इस अवसर पर जनपद पंचायत परिसर में श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की।रवाना होने से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस योजना के माध्यम से क्षेत्र के बुजुर्ग एवं जरूरतमंद श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम (रामलला) के दर्शन का अवसर मिल रहा है,जिससे उनमें विशेष उत्साह देखने को मिला।जनपद पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को तीर्थ दर्शन कराना है।यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

श्रद्धालुओं के परिजनों ने उन्हें तिलक वंदन कर विदाई दी और उनके सुरक्षित वापसी की कामना की।इस अवसर पर मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा,श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंह निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा,गरिमा ध्रुव सभापति, कयाराम यादव करारोपण अधिकारी, विकास सोनी, मिथलेश सिन्हा, रामाधार यादव, भवानी शंकर सेन, धनेश्वर नाग,शीतल ध्रुव समाजसेवी द्वारा तिलक लगाकर हरिझंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## युवा कांग्रेस का 'किसान न्याय सत्याग्रह' शुरू, ट्रेड डील्स को बताया 'काला कृषि कानून 2.0'

**समवेत शिखर संवाददाता**



**आरंग।** केंद्र सरकार की कथित किसान विरोधी नीतियों और विवादित ट्रेड डील्स के खिलाफ रायपुर जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस ने आरपार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया,सह प्रभारी मोनिका मांडरे के निर्देश पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया एवं युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के मार्गदर्शन में गुरुवार को आरंग विधानसभा क्षेत्र में ÷किसान न्याय सत्याग्रह÷ के प्रथम दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और किसानों के हितों की रक्षा के लिए संकल्प लिया।

'काले कानून 2.0' के खिलाफ मोर्चा-सत्याग्रह को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के प्रवक्ताओं और नेताओं ने केंद्र सरकार की हालिया व्यापारिक संधियों (ञ्जह्म्ड्डस्रद्ग ष्ठद्गड्डद्यह्य) पर तीखा हमला बोला। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ये ट्रेड डील्स और कुछ नहीं, बल्कि ÷काले कृषि कानून 2.0÷ का ही एक नया और भयावह रूप हैं। आरोप लगाया गया कि इन समझौतों के माध्यम से देश के अन्नदाता की आजीविका को कॉरपोरेट घरानों के हाथों गिरवी रखने की साजिश रची जा रही है।

सत्याग्रह के दौरान युवा कांग्रेस ने दो सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर अपना पक्ष रखा है।जिसमें युवा कांग्रेस ने मांग की है कि किसानों को उनकी फसल का उचित दाम दिलाने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्क) को तत्काल कानूनी दर्जा दिया जाए, ताकि कोई भी किसानों का शोषण न कर सके।साथ ही सरकार द्वारा किए जा रहे उन सभी व्यापारिक समझौतों को रद्द करने की मांग की गई, जो स्थानीय किसानों के बाजार और मुनाफे को प्रभावित कर रहे हैं।

**युवा कांग्रेस का संकल्प: ÷पीछे नहीं हटेंगे÷**–कार्यक्रम में मौजूद युवा नेताओं ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार लगातार किसानों के स्वाभिमान को चोट पहुँचा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सरकार अपनी किसान विरोधी नीतियों को वापस नहीं लेती, युवा कांग्रेस का यह सत्याग्रह और आंदोलन थमने वाला नहीं है। युवा कांग्रेस ग्रामीण के जिलाध्यक्ष सजल चंद्राकर ने कहा कि - किसानों का अपमान अब बर्दाश्त से बाहर है। यह लड़ाई सिर्फआरंग या रायपुर की नहीं, बल्कि देश के हर उस हाथ की है जो मिट्टी से सोना उगाता है। हम 'काले कृषि कानून 2.0' को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देंगे। इस अवसर पर सजल चंद्राकर

खिलावन निषाद , शरद गुप्ता , ईश्वर पटेल , आर्यन जोशी , गणेश बंधे , भरत लोधी , दीपक चंद्राकर , पारस चंद्राकर , उपेंद्र साहू , कुलदीप लोधी , सौम्या सोनी , दीपांकन यादव , नरसिंह लोधी , विवेक जलक्षत्री, मनीष जलक्षत्री , तरुण मिश्रा , प्रणय कंडरा सहित रायपुर ग्रामीण जिला युवा कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, आरंग विधानसभा के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय किसान उपस्थित रहे।

## सरकारी भवनों में भाजपा का झंडा फहराने पर बवाल

### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू बोले–संविधान व कानून का उल्लंघन

**समवेत शिखर संवाददाता**



**फिंगेश्वर।** भाजपा के स्थापना दिवस पर शासकीय भवनों, सहकारी सोसायटियों और सामुदायिक परिसरों में पार्टी का झंडा फहराने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस पूरे प्रकरण को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर के अध्यक्ष रूपेश साहू ने कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे संविधान और कानून का खुला उल्लंघन बताया है।

रूपेश साहू ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को सरकारी भवनों या सार्वजनिक संपत्तियों का उपयोग अपने पार्टी कार्यक्रम या झंडा फहराने के लिए करने की अनुमति नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में सत्ता में होने के कारण भाजपा द्वारा शासकीय परिसरों का दुरुपयोग किया जा रहा है, जो प्रशासनिक निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफहै।

उन्होंने कहा, ÷राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के लिए भी स्पष्ट नियम और प्रोटोकॉल निर्धारित हैं। उसी प्रकार किसी राजनीतिक दल का झंडा शासकीय भवन में फहराना पूरी तरह अनुचित और अवैधानिक है। यह तानाशाही प्रवृत्ति को दर्शाता है।÷

ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम जेंजरा सहसपुर , जामगांव, भसेरा तथा छुरा ब्लॉक के ग्राम सिवनी सहित कई स्थानों पर इस प्रकार की घटनाएं सामने आई हैं, जहां सरकारी परिसरों में भाजपा का झंडा फहराया गया और कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**कानूनी व संवैधानिक पक्षः**

इस प्रकार के मामलों में कई प्रावधान लागू हो सकते हैं–भारतीय संविधान के तहत शासन-प्रशासन को राजनीतिक रूप से निष्पक्ष रहना अनिवार्य है।

**प्रशासन से मांग और चेतावनी**

रूपेश साहू ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही संबंधित विभागों के उन अधिकारियों की भी जांच की जाए, जिन्होंने अनुमति दी या कार्यक्रम में शामिल हुए, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर के नेतृत्व में पहले ब्लॉक स्तर पर घेराव और उसके बाद जिला स्तर पर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

सरकारी परिसरों में राजनीतिक गतिविधियों को लेकर यह विवाद अब राजनीतिक रूप ले चुका है। प्रशासन की कार्रवाई पर ही आगे की स्थिति निर्भर करेगी। उक्त अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू के साथ-साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता डेकेश्वर ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस सचिव कुलेश्वर साहू देवेंद्र साहू महामंत्री राम नारायण साहू आसाराम तोंडे ओम प्रकाश यादव शिव मंड्रे आदि उपस्थित रहे।

## रायपुर ग्रामीण जिले में प्रमुख जन गोष्ठी हुई



**समवेत शिखर संवाददाता**

**आरंग।** संघ शताब्दी वर्ष के पांचवें कार्यक्रम के रूप में रायपुर ग्रामीण जिले में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन कृष्णा पब्लिक स्कूल, नया रायपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रमुख जनों की सक्रिय सहभागिता रही।गोष्ठी में कुल 365 प्रमुख जनों की सहभागिता रही।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष की यात्रा को समाज के प्रमुख जनों तक पहुँचाने का उद्देश्य प्रमुख रूप से रखा गया। गोष्ठी में लगभग 10 विभिन्न श्रेणियों से जुड़े प्रमुख जन उपस्थित रहे, जिनमें सेवा प्रदाता, डॉक्टर, अधिवक्ता, वैज्ञानिक, अभियंता, सेवा निवृत्त सेना अधिकारी, रामायण मंडली, ग्राम प्रमुख, स्व-सहायता समूह, क्रीड़ा एवं कला क्षेत्र से जुड़े लोग सम्मिलित हुऐ ।

कार्यक्रम में विभाग संघचालक धीरेन्द्र नशिने,रायपुर ग्रामीण जिला के संघचालक देवेंद्र सिंह ठाकुर,विभाग प्रचारक रोहित पाटीदार,विभाग कार्यवाह बलराम यदु,जिला कार्यवाह लोकनाथ साहू एवं सह कार्यवाह ईश्वर कन्नौजे, नरोत्तम मढ़रिया जिला के प्रमुख जन गोष्ठी की टोली और सभी नगर,खंड के प्रमुख जन उपस्थित रहे।

गोष्ठी के वक्ता नरेंद्र जैन ने अपने उद्बोधन में संघ स्थापना के पूर्व से लेकर वर्तमान समय में संघ के व्यापक कार्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य बोध और स्वदेशी पर सर्वप्रथम स्वयं अमल करने आग्रह किया। समापन राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित जनों ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

## गीता पाठ, हवन यज्ञ, भंडारा के साथ भागवत का समापन

**समवेत शिखर संवाददाता**



**कुरूद।** श्री नर्मदेश्वर महादेव परिवार कुरूद द्वारा वृंदावन सरोवर में जारी श्री मदभागवत कथा के अंतिम दिवस गीता पाठ , हवन यज्ञ, पूर्णाहुति और भंडारा प्रसादी के साथ भागवत का समापन हुआ।व्यासपीठ से कथावाचक श्री नागेश्वर दुबे जी ने गीता पाठ कर इसका सार सुनाया। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत महापुराण के अंतिम दिन गीता पाठ, हवन और यज्ञ का विशेष धार्मिक महत्व है। यह आयोजन कथा के मंगलमय समापन और पूर्णाहुति का प्रतीक होता है।

श्री दुबे ने बताया कि समापन दिवस पर गीता के महत्वपूर्ण अध्यायों का पाठ किया जाता है जो कि जीवन का सार और ईश्वर की शरणागति सिखाते हैं। उन्होंने बताया पवित्र धार्मिक गीता का पाठ श्री हरि से हमें जोड़ता है और उनके विचारों का जीवन मे आत्मसात करना सिखाता है। उसका प्रत्येक अध्याय ज्ञान का भंडार और मोक्ष का द्वार है।

इसके उपरांत विधिविधान के साथ हवन यज्ञ की शुरुआत हुई। और स्वाहा स्वाहा की मधुर गूंज के साथ यज्ञ भगवान की आराधना कर पूर्ण आहुति दी गई। श्री दुबे जी ने बताया कि श्री भागवत कथा के ज्ञानार्जन के बाद, हवन के माध्यम से 'पूर्णाहुति' की जाती है, जो अग्नि के माध्यम से परमात्मा को आहुति अर्पित करने और वातावरण को शुद्ध करने का अनुष्ठान है।यह अनुष्ठान आत्मज्ञान, मोक्ष और पारिवारिक सुख-समृद्धि के लिए किया जाता है।इसके उपरांत विधिविधान पूर्वक गौ माता को भोग लगाया गया और श्री हरि की आरती वंदना की गई।

इसके पश्चात गौ माता की महिमा का वर्णन भजन के माध्यम से किया गया।अंतिम चरण में महराज जी ने इस सम्पूर्ण आयोजन में पधारे भक्तों का आभार जताते हुए आयोजन समिति को इस बेहतरीन व्यवस्था बनाए रखने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विदाई भजन के दौरान कथा स्थल पर सभी भाउक हो गए।इसके साथ ही भंडारा प्रसादी वितरण प्रारंभ हुआ और समिति के सदस्यों सहित विभिन्न स्थानों से पधारें भक्तों ने सेवा कार्य कर अपनी आस्था प्रकट की।इस सम्पूर्ण आयोजन को सफल बनाने में श्री नर्मदेश्वर महादेव परिवार के सदस्यों सहित भक्त गणों का विशेष योगदान रहा।

## बच्चों ने पूल पार्टी से लिया स्विमिंग का आनंद



**समवेत शिखर संवाददाता**

**कुरूद।** कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद में गुरुवार को पीपी सेक्शन में नन्हे-मुन्हे बच्चों को बढ़ती गर्मी से राहत दिलाने और उनका मनोरंजन करने पूल पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान नर्सरी,एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने मिनी स्विमिंग पूल द्वारा पानी की लहरों का आनंद लिया। पानी की बूंदों के बीच हिलोरे लेते हुए बच्चों ने मनोरंजक गेम्स में भाग लिया। इसी तरह बच्चों ने फिसलन पट्टी से पानी की बूंदों तक उछलकूद करते तक अपने मधुर स्वर की महकती खुशबू फलाते हुए सबका दिल जीता।कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को बढ़ती गर्मी से बचाव के लिए पानी के महत्व का वर्णन किया गया।बच्चों ने डीजे की मनभावन धुन पर थिरकते हुए सबको अपनी मीठी मुस्कान से मोहित कर दिया।

प्राचार्य के मंजीता ठाकुर ने बताया कि आज के समय में तेजी से गर्मी बढ़ती जा रही है। बच्चों को गर्मी की भीषणता से बचाए रखने के लिए और सकारात्मक संदेश देने यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

बच्चों ने इस कार्यक्रम के द्वारा स्विमिंग की कठिनता और जल के आनंद को जाना।साथ ही उन्हें मानसिक रूप से ताजगी और उत्साह भरे ऊर्जा का अहसास भी हुआ।इस दौरान बच्चों ने ठंडे पेलजल का आनंद भी लिया।इस दौरान पीपी सेक्शन की सभी शिक्षिकाए उपस्थित रही।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चण्डी मंदिर में माता का किया दर्शन



**थान खमरिया।** छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज एक दिवसीय प्रवास थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम पलेनी मे एक शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे थे रास्ते मे उन्होने समीपस्थ ग्राम करमू के चण्डीधाम का दर्न भी किये।जहां उन्होंने मां चंडी का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की जनता से रूबरू हुए।उन्होंने थान खम्हरिया क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाक़ात की किसानों का हालचाल जाना।उक्त अवसर पर नरसिंह चंद्राकर, महेंद्र विरदी, गौरव बिंदल, जीवन वर्मा, अशोक बिंदल,प्रकाश सिन्हा, महेश शर्मा, देवदत्त वर्मा बेमेतरा, सरकार सिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### बिलासपुर में अवैध खनन वाली ट्रॉली पलटी, नाबालिग की मौत

**बिलासपुर।** बिलासपुर, रतनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़वट में गुरुवार सुबह 4 बजे अवैध रेत खनन के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। इस हादसे में एक नाबालिग युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रैक्टर क्रमांक CG12 BS 5759 अवैध रूप से रेत भरकर लौट रहा था, तभी यह घटना हुई। जानकारी के अनुसार, गढ़वट स्थित रेत घाट से अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा था। ट्रॉली में सवार नाबालिग अमित कश्यप (17) और अमित यादव उसके नीचे दब गए। हादसे में अमित कश्यप (17) की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। अमित यादव को कमर में गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है।

### 100-100 के नोट की रिश्वत लेते कॉन्स्टेबल पकड़ाया, दोनों सस्पेंड किए गए

**राजनांदगांव।** थाने के भीतर रिश्वत लेने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक कॉन्स्टेबल पैसे लेते नजर आ



रहा है, जबकि सामने बैठा एएसआई मोबाइल पर एक महिला की तस्वीर को जूम कर देखता दिखाई दे रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद एसपी अंकिता शर्मा ने दोनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। एएसआई पर वर्दी में न रहने और पुलिस की छवि खराब करने के आरोप में कार्रवाई हुई, जबकि कॉन्स्टेबल पर रिश्वत लेने के आरोप में एक्शन लिया गया। मामला डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र का है। एएसआई का नाम रोहित खूंटे है, जबकि कॉन्स्टेबल का नाम लक्ष्मी शंकर कंवर है। दोनों डोंगरगढ़ थाने में ही पदस्थ हैं। वीडियो में कोर्ट में चालान पेश करने को लेकर बातचीत और लेनदेन होता नजर आ रहा है। हालांकि पूरा मामला क्या है, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# मुख्यमंत्री साय ने लुंड्रा में 280 करोड़ से अधिक के कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

समवेत शिखर संवाददाता

**अंबिकापुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को सरगुजा जिले के लुंड्रा में 280 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित किसान सम्मेलन में बड़ी संख्या में उपस्थित अन्नदाता किसानों और स्थानीय जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि ये सभी परियोजनाएं न केवल बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करेंगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र और संतुलित विकास को नई गति भी देंगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर को सरगुजा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि वर्षों बाद लुंड्रा की धरती पर इतनी बड़ी विकासात्मक पहल एक साथ देखने को मिल रही है। उन्होंने बताया कि कुल 281 करोड़ रुपये के कार्यों में 28 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण एवं 253 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास शामिल है। उन्होंने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके सतत प्रयासों से सरगुजा को अंबिकापुर से दिल्ली एवं कोलकाता तक हवाई सेवाओं की सुविधा भी प्राप्त हुई है, जिससे क्षेत्र का संपर्क और विकास दोनों तेज होंगे।



मुख्यमंत्री ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति पूर्णतः संवेदनशील है और उनकी आय बढ़ाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है और भुगतान 24 से 48 घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके साथ ही किसान उन्नति योजना के तहत अंतर की राशि भी समयबद्ध रूप से सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित की जा रही है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और त्यौहारों में उनकी खुशहाली स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण के लिए कई ऐतिहासिक पहलें की गई हैं, जिनमें किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना प्रमुख हैं। राज्य सरकार भी इन योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कर रही है, जिससे खेती को लाभकारी बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने शपथ ग्रहण के 24 घंटे के भीतर ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति प्रदान कर दी थी, जिनमें से 8 लाख से अधिक आवास अब पूर्ण होकर हितग्राहियों को सौंपे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत हजारों परिवारों को आवास, बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर क्षेत्र ने दशकों तक हिंसा का दंश झेला, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन तथा सुरक्षा बलों के साहस के कारण अब प्रदेश नक्सलवाद से मुक्त होकर विकास के नए युग में प्रवेश कर चुका है।

### मुख्यमंत्री ने अम्बिकापुर में भटगांव विस के पूर्व विधायक पंडित रविशंकर त्रिपाठी की प्रतिमा का किया अनावरण



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरगुजा जिला प्रवास के दौरान अम्बिकापुर में पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पास पंडित रविशंकर त्रिपाठी चौक में भटगांव विधानसभा के पूर्व विधायक पंडित रविशंकर त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा का अनावरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि पंडित रविशंकर त्रिपाठी जी का जीवन जनसेवा, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि उनके विचारों और कर्मठता की जीवंत प्रेरणा है, जो आने वाली पीढ़ियों को समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करने की दिशा दिखाती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे व्यक्तित्वों का योगदान हमें यह सिखाता है कि जनसेवा ही सच्चा राष्ट्रधर्म है और इसी मार्ग पर चलकर हम एक सशक्त और समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण कर सकते हैं।

## 108 देशों में एक साथ गूंजा नवकार महामंत्र





समवेत शिखर न्यूज

**भोपाल।** विश्व शांति, मानव कल्याण और सभी के मंगलमय जीवन की कामना के साथ राजधानी में नवकार महामंत्र की स्वर लहरियां गूंज उठीं। इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन जीतो के तत्वावधान में भारत सहित दुनिया के 108 देशों में एक साथ नवकार महामंत्र का पाठ किया गया। भोपाल में यह आयोजन जवाहर चौक स्थित जैन मंदिर परिसर में श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आचार्य विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के शिष्य निर्यापक मुनि संभव सागर महाराज के सानिध्य में सामूहिक पाठ हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मंत्र जाप किया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के सिद्धांतों में क्षमा और नवकार मंत्र विश्व शांति के लिए एक सशक्त आधार हैं। यह अनुष्ठान सार्वभौमिक संदेश देता है।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के 'अंत' का प्रतीक बना निकाली गई 'नक्सलवाद की शव यात्रा'

**शांति स्थापना के संदेश के साथ लोगों ने किया अनोखा प्रदर्शन नक्सलवाद के खात्मे पर जताई खुशी और उम्मीद**

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** छित्तसगढ़ में वर्षों से चली आ रही नक्सलवाद की समस्या के ऐतिहासिक अंत और शांति की स्थापना के दावे के बीच एक अनोखा विरोध प्रदर्शन सामने आया,जिसमे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (्क्क्क्क) के तत्वावधान ने 'नक्सलवाद की शव यात्रा' निकालकर दहशत का पुतला दहन कर इस समस्या के खत्म होने का प्रतीकात्मक संदेश दिया। इस दौरान लोगों ने शांति, विकास और सुरक्षित भविष्य की कामना करते हुए नक्सलवाद के खिलाफ अपनी एकजुटता प्रदर्शित की।





जिले में आयोजित इस अनूठे विरोध कार्यक्रम ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। 'नक्सलवाद की शव यात्रा' के रूप में गांधी मैदान से तिरंगा चौक तक निकाली गई इस रैली में बड़ी संख्या में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (्क्क्क्क) के क सदस्य स्थानीय नागरिक, युवा,सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। लोगों ने कंधों पर प्रतीकात्मक अर्थी उठाकर नारेबाजी करते हुए शहीद हुए जवान अमर रहे फोर्स और पुलिस प्रशासन जिंदाबाद के साथ ÷नक्सलवाद मुर्दाबाद÷ और ÷शांति ही विकास का रास्ता÷ जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

रैली का उद्देश्य नक्सलवाद के खिलाफ जनभावना को प्रदर्शित करना और यह संदेश देना था कि अब प्रदेश में शांति और विकास का नया दौर शुरू हो चुका है।जयप्रकाश कुटारे नगर अध्यक्ष अखिल भारी विद्यार्थी परिषद का कहना था कि लंबे समय तक नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्रों को भय और पिछड़ेपन में जकड़ रखा था,लेकिन अब हालात बदल रहे हैं और आम जनता शांति के रास्ते पर आगे बढ़ना चाहती है।

कार्यक्रम में शामिल वक्ताओं ने कहा कि सरकार और सुरक्षा बलों के प्रयासों के चलते नक्सलवाद कमजोर पड़ा है और कई क्षेत्रों में इसका प्रभाव खत्म होने की कगार पर है। ऐसे में समाज के सभी वर्गों को मिलकर शांति और विकास की दिशा में काम करना होगा।

यह 'शव यात्रा' केवल विरोध नहीं, बल्कि एक मजबूत सामाजिक संदेश भी थी–कि हिंसा और भय के बजाय अब छत्तीसगढ़ शांति, शिक्षा, रोजगार और विकास की राह पर आगे बढ़ना चाहता है।इस अवसर पर अभाविप के विभाग संगठन मंत्री शिवशंकर प्रजापति,जिला सयोजक क्षतिजनारायण तिवारी,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विवेकानंद यादव,नगर अध्यक्ष जय प्रकाश कुटारेनगरमंत्री देवाशीस निषाद,सह नगरमंत्री निखिल निषाद,अक्षत शर्मा, सौरभ भूआर्य, तेजस बीसी उपस्थित थे।

## गर्मी के दिनों में जरा सी बारिश में तरबतर हुआ छुरा नगर



समवेत शिखर संवाददाता

**छुरा।**तमाम चौक चौराहा मनाली का गंदा पानी बहता नजर आया जबकि कई मोहल्ले में जल भराव की स्थिति नालियों के गंदे पानी घर में घुसने से बड़ी आफत परेशानियों का आलम इतना आम लोगों के साथ-साथ नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों के घर में भी घुस बारिश का गंदा पानी जो सत्ता पक्ष में है ।

वह मजबूरी के सहायक विपक्ष में है स्वयं जनप्रतिनिधि होते हुए किसी पर लगे आप यह कह पाना नागवारा वही हम लोगों को कहना है कि 15 से 20 साल हो गए। नगर पंचायत छुरा का निर्माण हुए यह पहली बार है कि इस प्रकार की स्थितियां देखने को मिल रही है स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार सम्मान के तौर पर प्राप्त करने वाले नगर पंचायत छुरा सवालों के घेरे में है।

नगर पंचायत छुरा में विभागीय इंजीनियर की कुर्सी मीना से इंजीनियर की बाढ़ जो रही है प्राइवेट इंजीनियरों और दूसरे नगर पंचायत के इंजीनियरों के सहारे कब तक कार्य करेगी यह नगर पंचायत सोने का विषय है आधा से 1 घंटे हुए गर्मी के मौसम में यह बरसात नगर पंचायत की स्वच्छता व्यवस्था और चल रहे शासन प्रशासन की कार्य प्रणाली पर बड़े सवाल खड़े करती है।

## पैरी घूमर नहर पर दौंद निर्माण में बड़ा घोटाला! घटिया निर्माण और चोरी की रेत से हो रहा काम

**नहर के बीच नाला आने पर बन रहा दौंद बना भ्रष्टाचार का अड्डा, गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल**

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** जिले के किसानों के खेत तक पानी पहुंचाने के लिए करोड़ो रुपए खर्च कर नहर नाली और पुल का निर्माण किया जा रहा है,लेकिन करोड़ो खर्च करने के बाद भी इसमें बन रहे पुल रपटा और नहर पानी के लिए लगाए जा रहे 30 किलोमीटर के नहर में 16 दौंद में काफी अनियमितता देखी जा रही है।



जिले में पैरी घूमर से निकलने वाली नहर पर हो रहे निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है। नहर के बीच नाला आने के कारण बनाए जा रहे दौंद (क्रॉस ड्रेनेज संरचना) में गुणवत्ता विहीन कार्य किए जाने के आरोप लगे हैं। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि निर्माण में न केवल घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है,बल्कि रेत भी अवैध रूप से नजदीकी नाले से चोरी कर लाई जा रही है, जो पूरी तरह मिट्टी युक्त और मानकों के विपरीत है।

घटिया निर्माण से खतरे में पूरी नहर परियोजना-ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपए की लागत से बनी पैरी घूमर नहर का उद्देश्य किसानों को सिंचाई सुविधा देना है,लेकिन इस महत्वपूर्ण परियोजना में लापरवाही और भ्रष्टाचार साफ नजर आ रहा है। दौंद निर्माण में सीमेंट की मात्रा बेहद कम डाली जा रही है,जिससे संरचना की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो आने वाले समय में यह संरचना क्षतिग्रस्त हो सकती है, जिससे पूरी नहर व्यवस्था प्रभावित होगी।

सीमेंट और मटेरियल की जांच की उठी मांग-स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य में उपयोग किए जा रहे मटेरियल,खासकर सीमेंट और कंक्रीट की गुणवत्ता की तत्काल जांच कराई जाए।विशेषज्ञों का कहना है कि यदि निर्धारित मानकों के अनुसार सीमेंट का उपयोग नहीं किया गया तो संरचना की आयु काफी कम हो जाएगी और यह किसी भी समय ढह सकती है।

**नाले से चोरी की रेत,मिट्टी युक्त सामग्री का उपयोग**-सबसे गंभीर आरोप यह है कि निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही रेत नजदीकी नाले से अवैध रूप से निकाली जा रही है।यह रेत न केवल चोरी की है, बल्कि उसमें भारी मात्रा में मिट्टी भी मिली हुई है, जो निर्माण के लिए पूरी तरह अनुपयुक्त है। इससे साफ जाहिर होता है कि ठेकेदार लागत बचाने के चक्कर में गुणवत्ता से समझौता कर रहे हैं।

प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल-इतनी बड़ी अनियमितताओं के बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।ग्रामीणों और किसानों ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उनका कहना है कि यह नहर उनकी जीवनरेखा है और इसके साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायगी

पैरी घूमर नहर पर बन रहा दौंद,जहां घटिया सामग्री से किया जा रहा निर्माण कार्य और नजदीकी नाले से लाई गई मिट्टी युक्त अवैध रेत,जिसका उपयोग निर्माण में किया जा रहा है।निर्माण स्थल पर कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठा रहे है ग्रामीण।

## अवैध कब्जा से शहर व क्षेत्र की सूरत बिगड़ी, बुलडोजर चलाने की मांग उठी

समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र में प्रशासन द्वारा एक लंबे समय से अवैध कब्जा हटाने के लिए बुलडोजर नहीं चलाये जाने के कारण समूचे नगर व क्षेत्र में अवैध कब्जा करने वालों के हौसले बुलंद है।

सन् 1935 में जब अंग्रेजी हुकूमत के दौरान भाटापारा शहर को नगर पालिका का दर्जा दिया गया था। उस वक्त शहर की तमाम सड़कों की चौड़ाई 40 से 60 फीट तक थी, लेकिन प्रशासनिक कमजोरी की वजह से नगर में अवैध कब्जे इस बेकदर बढ़ने लग गए हैं कि अब शहर की अति व्यस्त एवं महत्वपूर्ण सड़क केवल 19 से 20 फीट चौड़ी बची है। शेष सड़क पर लोगो ने अवैध कब्जा कर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स , मकान , दुकान , चबुतरा व बरामदा के अलावा डुप्लीकेट नाली का निर्माण कराकर प्रशासन के आंख में धुल



झोंकने का प्रयास किया है। खासकर शहर थाना से लेकर सदर बाजार पंचायती मंदिर , जैन मंदिर होते हुए जयहिंद होटल के आगे व शहनाई होटल के पास व इसके आगे महासती मंदिर मार्ग से होते हुए कॉलेज रोड , खोलवा रोड तक अवैध कब्जे से सड़क की चौड़ाई मात्र 19 से 20 फीट बची है जबकि यह महत्वपूर्ण मार्ग अक्सर जाम के हालात में फंसकर लोगो को परेशान किये रहता है। इस मार्ग पर लोगो ने बढ़ चढ़कर अवैध कब्जा कर रखा है व बचे कुचे सड़क पर चप्पल दुकान , बैग दुकान , बर्तन दुकान , मनिहारी दुकान , जनरल स्टोर के सामान के अलावा दुकानों के विज्ञापन बोर्ड रखे जाने से आवा जाही में बाधा उत्पन्न हो रही है। इसी प्रकार के अवैध कब्जे रेलवे फाटक हटरी बाजार क्षेत्र से होते हुए अनाज लाईन सदर बाजार गोविंद चौंक , राम सप्ताह चौंक , जय स्तंभ चौंक, कांग्रेस भवन फब्वारा चौंक , महतारी चौंक होते हुए तरेंगा नाका तक बढ़ गये है जिसे जनहित में बुलडोजर की दरकार है। शासन प्रशासन बिना किसी ज़ेदभाव के व बिना किसी राजनीतिक दबाव के एक लाईन से अवैध कब्जा ढहाने के लिए ठोस कदम उठाकर शीघ्र ही अभियान शुरू करें। नगर के अलावा क्षेत्र के बाहरी हिस्से जिसमें गुरूनानक वार्ड पंचशील नगर टेहका ,दतरेंगी , दतरेंगा , टिकुलिया , ढाबाडीह , तरेंगा ,सुमा , कैथी ,बोड़तरा , खोखली सेमरिया ,सिनोधा , डिग्गी , खपरी , सुरखी खपराडीह सहित अनेक गांव में भी बेखौफ होकर लोग खेल मैदान तालाब , गौठान , शमशान व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर कब्जा करके प्रशासन को चुनौती दे रहे है।

कुल मिलाकर समुचा भाटापारा तहसील ब्लॉक व अनुविभाग में अवैध कब्जा करने लोग बेखौफहोकर आगे आ रहे है जिन्हें रोकने में प्रशासन पुरी तरह विफल साबित हुआ है। शहर में कृषि उपज मंडी प्रशासन के लगभग 50 प्रतिशत हिस्से पर अवैध कब्जा बना हुआ है जनहित में रेल प्रशासन, कृषि उपज मंडी प्रशासन , नजुल प्रशासन , राजस्व प्रशासन ,पालिका प्रशासन , लोक निर्माण विभाग सहित अन्य तमाम विभागो के अवैध कब्जा को ढहाने के लिए अभियान संयुक्त रूप से चलाये जाने की जरूरत है।

## शिकारी सांप 'अहिराज' का रेस्क्यू

**अजिरमा के एक घर में घुसा विषैला सांप, सर्प मित्र आर्यन ने सुरक्षित पकड़कर दूर किया खतरा**

समवेत शिखर संवाददाता

**अंबिकापुर।** अजिरमा क्षेत्र के एक रिहायशी मकान में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब घर के मालिक दीपक ने अपने घर के भीतर एक विशालकाय सांप देखा। रात लगभग 10 बजे सांप की मौजूदगी से घबराए दीपक ने तत्काल स्थानीय सर्प मित्र आर्यन को इसकी सूचना दी।

सूचना मिलते ही आर्यन बिना देरी किए मौके पर पहुँचे और काफी सावधानी के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। आर्यन ने घर के कोने में छिपे इस दुर्लभ सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया,



जिसके बाद घर के सदस्यों ने राहत की सांस ली।

पकड़े गए इस सांप की पहचान 'अहिराज' अंग्रेजी नामः बैंडेड करैत के रूप में हुई है। सर्प मित्र आर्यन ने बताया कि यह सांप बेहद शर्मिला होता है और इंसानों को जल्दी नहीं काटता, लेकिन इसकी सबसे खास बात यह है कि यह मुख्य रूप से दूसरे सांपों को खाकर ही अपना पेट भरता है। यह प्रजाति रात के समय ही ज्यादा सक्रिय होती है। रेस्क्यू के पश्चात आर्यन ने सांप को आबादी वाले क्षेत्र से दूर सुरक्षित जंगल में ले जाकर आजाद कर दिया। उनकी इस तत्परता और सुरक्षित रेस्क्यू की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2026-28 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## ►► न्यूज ब्रीफ

### जगदलपुर में 13 अप्रैल को होगी जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आगामी 13 अप्रैल 2026 को कलेक्टर श्री आकाश छिकारा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित होगी, जिसमें जिले के संबधित विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार यह बैठक अप्रैल महीने के दूसरे हफ्ते की समय-सीमा बैठक के साथ रखी गई है। बैठक का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा से जुड़े पुराने कार्यों की समीक्षा करना और आने वाले समय के लिए नई योजनाएं बनाना है। कलेक्टर के निर्देश पर पुलिस विभाग, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग सहित कुल 16 विभागों के अधिकारियों को इस बैठक में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 21 केंद्रों पर पर्यवेक्षक नियुक्त

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा परिवहन विभाग के अंतर्गत परिवहन आरक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आगामी 19 अप्रैल को लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही है। बस्तर जिले में इस परीक्षा के सुचारू और पारदर्शी संचालन के लिए कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा का आयोजन निर्धारित रविवार 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 01:15 बजे तक किया जाएगा, जिसके लिए पूरे जिले में कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर श्री छिकारा ने परीक्षा के सफल संचालन के मद्देनजर नोडल अधिकारी के सहयोग हेतु सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्री ब्रजभूषण देवांगन और श्री आशीष साहू को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही सभी 21 केंद्रों के लिए अलग-अलग पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ति कर दी गई है। इन पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे परीक्षा से एक दिन पूर्व अपने आवंटित केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। परीक्षा समाप्ति के पश्चात समस्त गोपनीय सामग्री जमा की जाएगी। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी सूचित कर दिया गया है ताकि सुरक्षा और गोपनीयता के मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा सके।

### कोंडागांव कालीबाड़ी में शीतला पूजा का आयोजन

**कोंडागांव।** कोंडागांव शहर के कालीबाड़ी मंदिर परिसर में मंगलवार, को वार्षिक शीतला पूजा और काली पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता शीतला का पूजन कर सुख-शांति और आरोग्य की कामना की। सुबह घट स्थापना के साथ पूजा का शुभारंभ हुआ। मंदिर के मुख्य पुजारी ने लोक कल्याण और जनस्वास्थ्य की मंगलकामना के लिए माता की आराधना करवाई। ऐसी मान्यता है कि माता शीतला की पूजा से रोगों से मुक्ति मिलती है और घर-परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

# 21 दिवसीय मेगा योग शिविर के लिए स्थानीय 21 स्थानों पर आयोजन समिति का गठन

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** पतंजलि योग पर21अप्रैल से जगदलपुर शहर के विभिन्न 21 स्थानों पर 21 दिवसीय इंटीग्रेटेड मेगा योग शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी 21 स्थानों पर आयोजन समिति का गठन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में माँ काली मंदिर परिसर,रेलवे कॉलोनी जगदलपुर में मेगा शिविर हेतु स्थानीय आयोजन समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मिति से डॉ डी के परासर को अध्यक्ष,नंद कुमार सेना व श्रीमती मालती दुर्गा को उपाध्यक्ष, गौतम आचार्य को सचिव, शंकर सेना को कोषाध्यक्ष,शिविर संपर्क प्रमुख डॉ साजेश राव प्रचार प्रसार प्रभारी कौशल्या यादव , स्वागत समिति प्रभारी ललित मौर्य श्रीमती नीतू सोनी वंदना की जवाबदारी दी गई।

दूसरी बैठक देवकी विहार के कम्युनिटी हॉल - कालीपुर रोड में 21 दिवसीय शिविर हेतु बैठक कर कार्यक्रम कार्यकारिणी का गठन किया गया। देवकी विहार मेगा योग शिविर आयोजन समिति हेतु संरक्षक- श्रीनिवास राव मद्दी, डॉ सच्चिदानंद जोशी, बी. जयराम, अध्यक्ष- श्रीमति लता नाग, उपाध्यक्ष- सुनीता अग्रवाल, श्याम करण मालवीय, सचिव - सारिका यादव, प्रचार-प्रसार प्रभारी- महेंद्र यादव, शिविर आमंत्रण प्रभारी - विवेकानंद झा, कार्यकारिणी सदस्य - अलका गुप्ता,नीलम झा, कृष्ण किरण दास, रीता मालवीय,डॉ




आशा जोशी को मनोनीत किया गया। वही तीसरी आयोजन समिति आन्ध्रसमाज द्वारा संरक्षक जयंत नायडू, वासुदेव राव,शिविर अध्यक्ष दिगंबर राव,उपाध्यक्ष राजरत्नम नायडू,सचिव अलशिवा प्रसाद,प्रचार प्रसार प्रभारी रामकृष्ण तंबू नायडू को बनाया गया है। इसी तर्ज़ पर 21 स्थानों पर आयोजन समिति का गठन किया जा रहा है, मेगा योग शिविर को लेकर सभी समाज और स्वास्थ्य प्रेमियों में ख़ासा उत्साह है, सभी समितियों ने अपने अपने शिविर में लोगों को आमंत्रण देना प्रारंभ कर दिया है।पतंजलि योग परिवार ने सभी से अपील की है कि नगर वासी अपने अपने घरों मुहल्ले में शिविर में अपना पंजीयन कराये और अपने रोगों का निदान कर स्वस्थ समाज निर्माण में सह भागी बने।

# आगामी शिक्षा सत्र में बुधपदर पोटाकेबिन में छात्र-छात्राओं के लिए प्रारंभ होंगे आवासीय स्कूल, कलेक्टर ने दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** जिले के गीदम विकासखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके तहत विशेष रूप से शिक्षा से जुड़े बुनियादी ढांचे को आगामी शैक्षणिक सत्र से पहले पूर्ण करने पर जोर दिया गया है। इस क्रम में कलेक्टर ने पंचायत बुधपदर के गुमरगुडा, जपोड़ी पोटाकेबिन में बालिका एवं बालक शौचालय निर्माण, पानी की समुचित व्यवस्था हेतु नए बोर का खनन, सीट मरम्मत कार्य सहित अन्य आवश्यक कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा विद्यालय में स्वच्छता बनाए रखने हेतु रेन वॉटर वाशिंग सिस्टम की व्यवस्था करने पर भी बल दिया गया, ताकि एकलव्य आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा बुधपदर पंचायत अंतर्गत इस 500 सीटर पोटाकेबिन को आगामी शिक्षा सत्र में संचालन किए जाने की योजना है। इसके अलावा कलेक्टर ने बड़ेकारका से कोड़नार तक लगभग 4 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के लिए मिट्टी-मुरूम कार्य एवं 6 पुलियों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा। यह सड़क क्षेत्रीय आवागमन को सुगम बनाने के साथ ही ग्रामीणों की दैनिक जरूरतों को भी आसान बनाएगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने बारसुर स्थित डैनेक्स भवन के मरम्मत कार्य को भी प्राथमिकता में रखते हुए इसे आगामी दो माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर के निरीक्षण भ्रमण के दौरान डेनेक्स कर्मचारियों ने भवन से संबंधित समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। अतः कलेक्टर ने भवन में हो रहे पानी के सीलन और पानी रिसाव की समस्या को दूर करने के लिए एसडीएम को आवश्यक मरम्मत करने के निर्देष दिए।

# जगदलपुर में 43 हितग्राहियों को लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित, ऋण मेला भी आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम जगदलपुर द्वारा आज एएचपी घटक (मोर मकान - मोर आस) के अंतर्गत 43 पात्र हितग्राहियों को पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आवासों का आबंटन किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों की सुविधा हेतु ऋण मेला का भी सफल आयोजन किया गया, जिससे उन्हें आवास निर्माण एवं क्रय के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्राप्त हो सके।

कार्यक्रम में धरमपुरा स्थित मोटरू ब्रदर्स एवं ऊर्जा प्रॉपर्टी के 208 यूनिट तथा हाटकचोरा स्थित ऊर्जा प्रॉपर्टी के 58 यूनिट में निर्मित आधुनिक त्त+3 आवासों को शामिल किया गया। इन आवासों का निर्माण बेहतर बुनियादी सुविधाओं के साथ किया गया है, जिससे हितग्राहियों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध हो सके। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ÷सबके लिए आवास÷ के विजन के अनुरूप एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन तथा उपमुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, त्रिवेणी रंधारी, योगेंद्र पांडे की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर नगर निगम के अन्य एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, नोडल अधिकारी गोपाल भारद्वाज, सहायक नोडल अधिकारी अमर सिंह, निगम के सीएलटीसी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से शासकीय कार्यों और योजनाओं का लें लाभ : कलेक्टर

समवेत शिखर संवाददाता




**जगदलपुर।** जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण और शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से दरभा विकासखंड अन्तर्गत ककालगुर के भडरीमऊ में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं संबंधित विभागों के समक्ष रखीं। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से शासकीय कार्यों और योजनाओं का लाभ लेवें। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में संवाद किया और उनके सुझाव, समस्या को भी सुना।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने कहा कि चार दशक से चली आ रही एक बड़ी समस्या खत्म हुई है, अब सड़क, बिजली और अन्य विकास के कार्यों को अब गति दी जा रही है, प्रशासन आपके पास पहुंचा है आप अपनी दिक्कतों का निराकरण करवायें। उन्होंने ग्रामीण से नजदीकी थाना का संज्ञान लिया और कहा कि कोई समस्या या दिक्कत हो तो थाने में और नजदीकी पुलिस कैम्प में जाकर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। अधिकारियों ने मौके पर ही कई समस्याओं का निराकरण किया, वहीं कुल 243 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री भी वितरित की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, पेंशन योजनाएं सहित अन्य लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनसे अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# नितेश गोल्ड से चूके, सिल्वर से किया संतोष, सचिन और प्रिंस ने जीता कांस्य



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों ने बुधवार को किर्गिस्तान के बिश्केक में 2026 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में देश की पदक संख्या में एक रजत और दो कांस्य पदक जोड़े। नितेश ने 97 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता जबकि सचिन सहरावत (67 किग्रा, ग्रीको रोमन) और प्रिंस (82 किग्रा, ग्रीको रोमन) ने कांस्य पदक अपने नाम किए। बुधवार को तीन पदक जीतने के साथ ही भारत के पास दो रजत और तीन कांस्य पदक हो गए। दो महिला पहलवानों ने भी कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में जगह बनाई। बुधवार को सभी की निगाहें नितेश पर थी। 23 साल के नितेश का मुकाबला मौजूदा चैंपियन मोहम्मदहादी सारावी से था और वह वैसा जादू नहीं दिखा सके जिससे वह फाइनल में पहुंचे थे और फाइनल मुकाबले में 1-7 से हार गए। इससे पहले सचिन ने दूसरे राउंड में 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कांस्य पदक के मुकाबले में उज्बेकिस्तान के अब्दुमालिक अमीनोव को 6-5 से हराकर पदक जीता। इसके बाद प्रिंस ने दिन का दूसरा कांस्य पदक भारत की झोली में डाला जब उन्होंने 82 किग्रा वर्ग में तुर्कमेनिस्तान के दीदार अमनजारोव पर 10-1 से जबरदस्त जीत दर्ज की। महिलाओं की कुश्ती प्रतियोगिता में हंसिका लांबा (55 किग्रा) और नेहा (59 किग्रा) अपने-अपने सेमीफाइनल हारने के बाद कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी। हंसिका को गत रजत पदक विजेता चीन की युक्सुआन ली ने 11-1 से हराया। वह कांस्य पदक के प्ले ऑफ में अरुके कादिरबेक काइजी के खिलाफ उतरेंगी। नेहा को पूर्व एशियाई चैंपियन मेंग्यू जी ने 12-5 से हराया। वह अब कांस्य पदक के मुकाबले में मंगोलिया की बोलोरतुया खुरेलखू से भिड़ेंगी।

# कुलदीप आखिरी बॉल पर रनआउट, गुजरात की आईपीएल में सबसे छोटी जीत, मिलर का 106 मीटर लंबा सिक्स

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस ने बुधवार को आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स को रोमांचक मुकाबले में 1 रन से हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में मैच की आखिरी बॉल पर कुलदीप यादव रनआउट हुए। डेविड मिलर ने 106 मीटर लंबा सिक्स लगाया।

गुजरात ने रन के हिसाब से सबसे छोटी जीत हासिल की। टीम 1 रन से जीती। गुजरात ने 2024 में मुंबई के खिलाफ 6 रन, 2023 में लखनऊ के खिलाफ 7 रन, 2022 में कोलकाता के खिलाफ 8 रन और उसी साल दिल्ली के खिलाफ 14 रन से जीत दर्ज की थी।

बटलर के टी-20 में 600 सिक्स पूरे हुए। उन्होंने इस मैच में 5 सिक्स लगाए। सबसे ज्यादा सिक्स में क्रिस गेल (1056), कीरोन पोलार्ड (982), आंद्रे रसेल (784), निकोलस पूरन (712) उनसे आगे हैं। बटलर ने एक पारी में 14वीं बार 5 या उससे ज्यादा सिक्स लगाए।



साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने चौके से खाता खोला। पहले ओवर की पहली बॉल पर सुदर्शन ने पैड्स पर आई गेंद को मिडविकेट के पार बाउंड्री के लिए खेला। फिर सिंगल लेकर गिल को स्ट्राइक दी। गिल ने तीसरी बॉल पर ऑफ साइड में चौका जड़ा। जोस बटलर ने मुकेश कुमार के ओवर में 3 सिक्स लगाए। 5वें ओवर की पहली दो बॉल पर दो सिक्स लगाए। पहली गेंद पर स्कूप शॉट खेला और दूसरी पर सामने की ओर सिक्स लगाया। यह सिक्स 96 मीटर रहा। इसके बाद बटलर ने ओवर की पांचवीं गेंद पर भी सिक्स लगाया। बाद में 52 रन बनाकर कुलदीप यादव की गेंद पर बोल्ड हो गए। जोस बटलर ने 27 बॉल पर 52 रन की पारी खेली। 14वें ओवर की दूसरी गेंद पर शुभमन गिल को जीवनदान मिला। अक्षर पटेल की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर डेविड मिलर से कैच छूट गया। गिल ने आगे बढ़कर शॉट खेला, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही और गेंद हवा में गई। मिलर ने दौड़कर कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद सिर्फ उंगलियों में लगी। इसके बाद गिल ने 14.5 ओवर में लुंगी एनगिडी की गेंद पर चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया और 70 रन बनाकर आउट हुए।

वॉशिंगटन सुंदर ने सिक्स के साथ डेब्यू ढ्ढक्कफिफ्टी पूरी की। 18वें ओवर की पांचवीं गेंद पर टी नटराजन ने फुल टॉस डाली। सुंदर ने झुककर शॉट खेला और गेंद को डीप स्क्वायर लेग के पार सिक्स भेजा।

पहले ओवर में दिल्ली ने 3 चौके लगाए। पाथुम निसांका ने मोहम्मद सिराज के खिलाफ दूसरी, तीसरी और आखिरी गेंद

### 'कैमरे के सामने पहला पल मुझे लगभग मेरी किरदार सृष्टि की दुनिया में जकड़ देता है और वहीं से मैं अपने पूरे अभिनय को गढ़ती हूं : गुलकी जोशी

**मुंबई।** सोनी सब का नया शो यादें, जो लोकप्रिय इटैलियन सीरीज़ डीओसी से रूपांतरित है, दर्शकों के सामने याददाश्त खोने, पहचान और दूसरी शुरुआत की एक भावनात्मक कहानी पेश कर रहा है। शो में डॉ. देव मेहता (इक़बाल खान) की ज़िंदगी दिखाई गई है, जो अपनी कई सालों की यादें खोने के बाद फिर से अपनी दुनिया बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इस सफर में उनके आसपास के लोग, जिनमें



उनकी पूर्व पत्नी सृष्टि (गुलकी जोशी) भी शामिल हैं, अपने दबे हुए जज़्बातों का सामना करने पर मजबूर होते हैं। सृष्टि, जो अस्पताल की एडमिनिस्ट्रेटर हैं, बेहद संयमित, व्यावहारिक और भावनात्मक रूप से काफी नियंत्रित हैं। वे अक्सर अपनी भावनाओं को ज़ाहिर करने के बजाए उन्हें भीतर ही दबा लेती हैं। ऐसे किरदार को निभाने के लिए गुलकी को पूरे दिन अपने भावनात्मक ग्राफ़ पर ध्यान देना पड़ता है, जिससे कंटिन्यूटी सिर्फ तकनीकी नहीं, बल्कि आंतरिक भी हो जाती है। पर्दे के पीछे की झलक साझा करते हुए, गुलकी जोशी ने कहा, मेरे लिए दिन का पहला शॉट बहुत अहम् होता है, क्योंकि वही पूरे दिन की भावनात्मक लय तय करता है। यदि सीन इंटेंस है, तो उसकी ऊर्जा बाकी सीन तक बनी रहती है और यदि हल्का है, तो दिन में सहजता आ जाती है। चूँकि, मेरा किरदार सृष्टि बहुत कुछ भीतर ही समेट कर रखती है, मुझे हर पल यह ध्यान रखना पड़ता है कि वह भावनात्मक रूप से कहाँ खड़ी है। कैमरे के सामने पहला पल मुझे उसके संसार में ले जाता है और वहीं से मैं अपनी परफॉर्मेंस को आगे बढ़ाती हूँ।

# रायपुर में आयुर्वेद का संदेश : डाबर पुदीन हरा ने पुदीना को बताया 'वंडर हर्ब'

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के लाभों का प्रचार करने के अपने मिशन में आगे बढ़ाते हुए भारत की सबसे बड़ी विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी, डाबर इंडिया लिमिटेड ने पुदीना को एक आश्चर्यजनक जड़ी बूटी के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए एक अभियान शुरू किया। आज यहां आयोजित एक कार्यक्रम में इस अभियान की शुरूआत की गयी।




इस मौके पर पुदीना की उपयोगिता को लेकर डा. चंद्रमौली यादव ने बताया कि पुदीना एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स युक्त होता है जो मानव पेट के लिए खासकर तेज गर्मी के दौरान चमत्कार कर सकते हैं, गर्म-लहरों और बढ़ते पारा के स्तर की त्वरित आवृत्ति के साथ, गर्मियों के मौसम के दौरान स्वास्थ्य समस्याएं आम हो गई हैं। इस तीव्र मौसम में संभावित स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए, डाबर उन लोगों को पुदीना के उपयोग की सलाह देते हैं जो दिन में लंबे समय तक धूप में रहते हैं और आम गर्मी की बीमारियों के शिकार होते हैं।

कार्यक्रम में बोलते हुए, डाबर इंडिया लिमिटेड, डायरेक्टर-मार्केटिंग, श्री श्रीराम पद्मनाभन ने कहाः ÷जीवन शैली में विकसित रुझानों और उपभोक्ताओं के काम का पैटर्न देखने पर पता चलता है कि आज सभी बहु-मुखी कार्य कर रहे हैं और इसलिए उन्हें प्रभावी और प्राकृतिक समाधान की आवश्यकता होती है। डाबर, सबसे भरोसेमंद हेल्थकेयर कंपनी के रूप में, दैनिक स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए पारंपरिक आयुर्वेद को उपलब्ध कराने के अपने लक्ष्य को मजबूत करता है और पुदीन हरा कई गैस्ट्रिक विकारों के लिए एक निश्चित समाधान है। गर्मियों के मौसम के दौरान प्रचलित कई बीमारियों को ध्यान में रखते हुए, पुदीन हरा बदहजमी, गैस और एसिडिटी जैसे पेट की समस्याओं के समाधान में मदद करता है ।डा. चंद्रमौली यादव, आयुर्वेद फिजिशियन ने आगे कहा, ÷आयुर्वेद की पांडुलिपियों में आधुनिक समय की बीमारियों का सबसे अच्छा प्रबंधन गहराई से छिपा हुआ है। पुदीना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि 3,000 साल पुरानी है और इसे वंडर हर्ब के रूप में नामित किया गया है जो मानव पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद है। पुदीना में मौजूद मेन्थॉल पाचन के लिए जरूरी एंजाइमों को उत्तेजित करता है, पेट की मांसपेशियों को आराम देता है, अपचन और मरोड़ की संभावनाओं को कम करता है। यह पेट की ऐंठन, अम्लता और पेट फूलना आदि पर इसके शांत प्रभाव के लिए भी जाना जाता है। आज बाजार में बहुत से एंटासिड उपलब्ध हैं जिनमें एल्यूमीनियम / मैग्नीशियम हाइड्रोक्साइड जैसे कठोर रसायनों होते हैं जो नियमित रूप से लेने पर स्वास्थ्य पर कुछ हानिकारक प्रभाव छोड़ सकते हैं। डाबर पुदीन हरा जो डाबर का 100 साल पुराना ब्रांड है, गैस, अपचन, पेट दर्द और अम्लता जैसी सभी पेट समस्याओं में तेजी से और प्रभावी राहत देने के लिए पुदीना सत्व के गुणों के साथ एक आयुर्वेदिक उपचार है। पुदीन हरा कई रूपों जैसे टैबलेट / तरल पदार्थ, पाउडर, पुदीन हरा फिज के रूप में उपलब्ध है - जो कठोर रसायनों के विपरीत अम्लता का एक प्राकृतिक उपचार है।

# इंटीरियो बाय गोदरेज ने रायपुर में 5 हजार वर्गफीट का अपग्रेडेड स्टोर शुरू किया

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** गोदरेज एंटरप्राइज़ ग्रुप के प्रमुख फर्नीचर ब्रांड, इंटीरियो बाय गोदरेज ने रायपुर में अपग्रेडेड स्टोर शुरू किया है। इसका उद्देश्य शहर में बेहतर रिटेल अनुभव प्रदान करना और शानदार डिज़ाईन उपलब्ध कराना है। साथ ही, कंपनी ने अपनी ''मूमेंट्स दैट मैटर'' (एमटीएम) स्टडी भी जारी की है, जिसमें यह जानने की कोशिश की गई है कि घरों में दैनिक अनुभव किस प्रकार लोगों के भावनात्मक स्वास्थ्य, संबंधों और आराम को प्रभावित करते हैं।




यह स्टोर 5,000 वर्गफीट में फैला है, जो ग्राहकों को आधुनिक भारतीय घरों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन पेश करता है। इस स्टोर में बेडरूम, लिविंग रूम और डाईनिंग के लिए मॉड्युलर फर्नीचर, अनुकूलित फर्नीचर और व्यक्तिगत फर्नीचर उपलब्ध है। ब्रांड ने सॉफ्ट फर्निशिंग की नई रेंज भी पेश की है।

डॉ. देव नारायण सरकार, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट एवं हेड ऑफ कंज़्यूमर बिज़नेस (बी2सी), इंटीरियो बाय गोदरेज ने बताया कि हमारी 'मूमेंट्स दैट मैटर' स्टडी में एक बदलाव सामने आया है। इसमें उजागर हुआ है कि डिज़ाईन लोगों के एहसास, संबंधों और आराम को किस प्रकार प्रभावित करता है। रायपुर में हमारे अपग्रेडेड स्टोर में हमने इस स्टडी के नतीजों को शामिल करके ऐसे दिलचस्प अनुभव पेश किए हैं, जो ग्राहकों को ऐसे स्पेस बनाने में मदद करेंगे, जो उनकी जीवनशैली को प्रदर्शित करते हों। छत्तीसगढ़ में हमारा लक्ष्य साल 2029 तक 18 रिटेल स्टोर के नेटवर्क तक पहुँचना है। हम राज्य में अपनी ऑम्नीचैनल पहुँच को बढ़ाना चाहते हैं। गोदरेज की विश्वसनीयता हमें आगे बढ़ने में मदद करेगी, जिस पर हमारे ग्राहक भरोसा करते हैं। हम वित्तवर्ष 2027 में मध्य भारत में लगभग 150 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करना चाहते हैं। अपने नेटवर्क को बढ़ाकर और ग्राहकों की पसंद के अनुरूप नए प्रोडक्ट्स पेश करके हम बाजार में बड़ा हिस्सा हासिल करने और लगातार विकास करते रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

# कलश यात्रा के साथ अखण्ड नवधा रामायण का शुभारंभ

### श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ी मानस गायन व रंगोली प्रतियोगिता से सजेगा नवधा रामायण महोत्सव

**समवेत शिखर संवाददाता**





**सक्ती।** निकटस्थ ग्राम पतेरापाली कलां (तुर्रीधाम) में 6 अप्रैल से कलश यात्रा के साथ अखण्ड नवान्हिक नवधा रामायण का भव्य शुभारंभ हुआ। यह धार्मिक आयोजन वर्ष 1991 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों की गहरी आस्था देखने को मिलती है।

कार्यक्रम की शुरुआत नवधा चौक से निकली कलश यात्रा से हुई, जो तुर्रीधाम स्थित शिव मंदिर पहुंची। वहां विधि-विधान से वरुण देव एवं गंगा पूजन के पश्चात भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात जल लेकर श्रद्धालु पुनः नवधा चौक पहुंचे, जहां वेदी पूजन एवं अखण्ड ज्योति प्रज्वलन किया गया। इसके बाद भगवान विष्णु, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एवं रामदरबार का पूजन-अर्चन कर आरती की गई। रात्रि 9 बजकर 31 मिनट पर अखण्ड नवान्हिक नवधा रामायण का विधिवत शुभारंभ हुआ।

यह आयोजन 14 अप्रैल 2026 तक चलेगा। समापन अवसर पर रात्रि में मानस गायन प्रतियोगिता का फाइनल आयोजित होगा, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को ?10,001 सहित कुल 12 स्थानों तक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें 10 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

कलश यात्रा में गांव की महिलाओं, बालिकाओं सहित आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 700 श्रद्धालुओं की सहभागिता ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया।

आगामी 15 अप्रैल 2026 को हवन, पूर्णाहुति एवं सहस्त्रधारा कार्यक्रम के साथ आयोजन का समापन होगा। इस धार्मिक अनुष्ठान का संचालन आचार्य पंडित चंद्र प्रकाश तिवारी द्वारा किया जा रहा है, जबकि बैगा रामू सिदार उनका सहयोग कर रहे हैं। आयोजन की सफलता के लिए समस्त ग्रामवासी सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

# कांग्रेस ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले क्रांतिकारियों का सम्मान कभी नहीं किया

### शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा के साथ अपमानजनक कृत्य करने वाले कांग्रेसियों को कठोर दंड दिया जाना चाहिए

**समवेत शिखर संवाददाता**





**अंबिकापुर।** आकाशवाणी चौक अंबिकापुर में स्थापित महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आज़ाद की प्रतिमा जिसका अनावरण आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के करकमलों से होना था, बीते बुधवार की मध्य रात्रि को चोरी छिपे युवक कॉग्रेस के लोगों ने उस ढ़की हुई प्रतिमा को बेपर्दा कर क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद जी का घोर अपमान किया है। इस घृणित व अपमानजनक घटना की जितनी निंदा व भर्त्सना की जाए कम है। इस आपराधिक घटना में शामिल युवक कांग्रेसियों पर तत्काल स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान व शासकीय कार्य में बाधा सहित गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। कॉग्रेस का यह कुकृत्य दिल्ली में हुए इंटरनेशनल एआई सम्मिट में चोरी छिपे घुसकर विश्व समुदाय के सामने कपड़े उतारकर निर्लज्ज प्रदर्शन करने जैसा ही है जिसने पूरे भारत का सिर शर्म से झुका दिया था। कॉग्रेस ने इस देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले क्रांतिकारियों का सम्मान कभी नहीं किया। शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की पूज्य माता जगरानी देवी, कॉग्रेस सरकार की उपेक्षा के कारण आज़ादी (1947) के बाद के शुरुआती वर्षों में घोर गरीबी और अकेलेपन से जूझती रहीं। बेटे की शहादत (1931) और पति की मृत्यु (1938) के बाद, वह गुमनामी में जी रही थीं और उनकी मृत्यु (1951) तक गांव में लकड़ियां बेचकर या मेहनत-मजदूरी कर अपना पेट पालती रही। कॉंग्रेस की देश के क्रान्तिकारियों व उनके परिजनों के प्रति नफरत की सोंच आज भी जीवित है जिसने यह कुकृत्य उनसे कराया है। अंबिकापुर में महान क्रांतिकारी शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित करने की मांग आम जनता की ओर से लंबे समय से हो रही थी, लेकिन नगर पालिक निगम अंबिकापुर में लगातार दस वर्षों तक शासन करने के उपरांत भी कॉग्रेस ने इसके लिए कभी प्रयास नहीं किया। बस स्टैंड में कॉग्रेस नेता एमएस सिंहदेव की प्रतिमा स्थापित करना कॉग्रेस के एजेंडे में रहा परंतु क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद उन्हें याद नहीं रहे? आज जब भाजपा की निगम सरकार ने शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित कर उसका अनावरण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों कराने का कार्यक्रम रखा तो ये कांग्रेस पार्टी को बर्दाश्त नहीं हो रहा।

# राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों सहित ग्रामीणों को फरवरी-मार्च महीना में नहीं मिल रहा राशन

## दो दिव्यांग भाइयों सहित कोरवा जनजाति के लोगों को दो माह में 10 किलो राशन वितरण

### राशन वितरण में अनियमितता

**समवेत शिखर संवाददाता**



**अंबिकापुर।** लखनपुर विकासखंड खाद्य वितरण प्रणाली में अनियमितता के लिए वैसे तो हमेशा सुर्खियों में रहता है जहाँ कई पंचायतों में राशन वितरण में गड़बड़ी सहित कई जगह राशन वितरण में अनियमितता के मामले सामने आते हैं।

दराअसल आकांक्षी विकासखंड लखनपुर के ग्राम तुनगूरी से जहाँ राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों सहित ग्रामीणों को राशन वितरण में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। राशन में वितरण नहीं होने से राष्ट्रपति की दत्तक पुत्र कहे जाने वाले कोरवा जनजाति के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उनके सामने राशन की समस्या उत्पन्न हो गई है। उचित मूल्य दुकान से राशन वितरण नहीं होने से कोरवा जनजाति के लोग जंगलों से लकड़ी लाकर बिक्री कर पेट भरने को मजबूर है। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले कोरवा जनजाति के लोग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने राशन दुकान संचालक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा की उन्हें करीब दो महीने से राशन का सही तरीके से वितरण नहीं किए जाने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पहाड़ी कोरवा जनजाति सहित ग्रामीणों ने दुकान संचालक पर आरोप लगाया है कि फरवरी माह में 35 किलो की जगह सिर्फ 10 किलो उन्हें राशन दिया गया हो और मार्च महीना में फिंगर लगवाने के बाद भी कई हितग्राहियों को राशन का वितरण संचालक के द्वारा नहीं किया गया है। राशन मांगने पर दुकान संचालक के द्वारा हितग्राहियों अभद्र व्यवहार कर को डांट फटकार लगाई जाती है। कोरवा जनजाति के लोगों सहित ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है । फिलहाल राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों को शासन की खाद्यान्न योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कुछ ग्रामीणों से बात करने पर उन्होंने बताया की राशन दुकान संचालक द्वारा उनसे अंगूठा तो लगवा लिया गया पर राशन नही दिया गया। हितग्राही दुकान से चावल लेकर अपने पेट भरने मजबूर हैं।ग्रामीणों द्वारा बताया गया की अक्सर राशन दुकान संचालक से राशन वितरण को लेकर बहस भी होती है कभी कभी नौबत लड़ाई झगड़े तक पहुच जाती है। पूर्व में शिकायत के बाद अधिकारी जांच करने पहुंचे थे लेकिन कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर दिया गया। बहरहाल राशन दुकान संचालक पर अब तक कोई कार्यवाही उच्चाधिकारियों द्वारा नहीं किया गया है।और राशन दुकान संचालक मनमाने तरीके से राशन दुकान का संचालन कर रहा है। अब देखना दिलचस्प होगा की इस मामले में क्या कार्यवाही होती है तथा कोरवा जनजाति के लोगो को कब तक राशन प्राप्त हो पता है।

कोरवा जनजाति के सुखराम और बंधन दोनों दिव्यांग भाई, तिहारी बाई, बुधनी बाई, सहित अन्य कोरवा जनजाति के लोगों को फरवरी माह में 35 किलो की जगह 10 किलो राशन का वितरण करते हुए राशन कार्ड में 25 किलो राशन वितरण बकाया लिखा इसके बाद मार्च माह में फिंगर लगवाने के बाद भी राशन का वितरण नहीं किया गया है। राशन वितरण नहीं होने से पूर्व जनजाति के सामने राशन की समस्या उत्पन्न हो गई है।

### सोसायटी संचालक पुरुषोत्तम राजवाड़े

इस संबंध में दुकान संचालक पुरुषोत्तम राजवाड़े से चर्चा करने पर उनके द्वारा बताया गया कि 18 माह से समिति का संचालन किया जा रहा है उससे पूर्व समिति में 157 क्विंटल राशन साटेज था। समिति के संचालन करने के दौरान एक माह का और राशन दुकान में नहीं गिरने से समस्या उत्पन्न हो रही है। धीरे-धीरे हितग्राहीयो का राशन वितरण कर मैनेज किया जा रहा है।

# कोयला खदान में कांट्रेक्टर और मजदूरों के बीच लड़ाई श्रमिक बैठे हड़ताल पर, खदान में काम हुआ ठप

**समवेत शिखर संवाददाता**





**अंबिकापुर।** लखनपुर छेत्रांतर्गत अमेरा कोयला खदान एक बार फिर सुर्खियों में है जहाँ अमेरा कोयला खदान कांट्रेक्टर और दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों के बीच लड़ाई झगड़े के बाद खदान में तनाव का माहौल व्याप्त है। दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों ने एलसीसी कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और श्रमिक हड़ताल पर बैठे हैं।सूचना पर देर रात एसडीओपी तुल सिंह पट्टवी टीम के साथ खदान पहुंचे और श्रमिकों को समझाइए देने के दौरान श्रमिक भड़क उठे और पुलिस और श्रमिकों के बीच तीखी बहस हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार अमेरा ओपन कास्ट परियोजना के पुनः प्रारंभ होने के बाद कोयले को ज़मीन से निकालने का कार्य एलसीसी कंपनी द्वारा किया जा रहा है जिसके बाद बुधवार की बीती रात एलसीसी कंपनी के कांट्रेक्टर और खदान में काम कर रहे दैनिक वेतन श्रमिक के बीच खदान में ओवरटाइम काम करने की बात को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट हो गया और श्रमिकों ने आरोप लगाया है कि एलसीसी कंपनी के कांट्रेक्टरों द्वारा उनसे सुबह 06 बजे से शाम 06 बजे काम लिया जाता है काम नहीं करने पर तक लाठी डंडे का डर दिखा काम लिया जा रहा है। वहीं एलसीसी कंपनी के मैनेजर राघवेंद्र पांडेय की माने तो श्रमिक शराब के नशे में धुत थे एवं शराब पीकर हल्ला गुल्ला और अभद्रता कर रहे थे। जिसके बाद मजदूरों के साथ केवल हल्की धक्का मुक्की ही हुई है। मजदूरों के बीच हुए झड़प में एलसीसी कंपनी के कौशिक बेकरिया,वेलजी बेकरिया,मंजी बेकरिया का साथ झुमझटकी भी हुई है।मजदूरों ने ये भी आरोप लगाया है कि उन्हें नियम के अनुरूप मानक हिसाब वेतन भुगतान नही किया जाता है।तथा उनसे निर्धारित समय से अधिक जबरदस्ती काम लिया जाता है। फ़िलहाल एलसीसी कंपनी के मैनेजर का कहना है की 08 घंटे से ऊपर ऐच्छिक ओटी करने पर भुगतान नियमानुसार किया जाता है।

फिलहाल मामले की सूचना थाने में दर्ज नहीं करायी गई है। बीच बचाव के लिए आए एसडीओपी। मजदूरों और कांट्रेक्टर के बीच हुए झड़प के बीच रात्रि में एसडीओपी सरगुजा को बीच बचाव के लिए आना पड़ा जिसके बाद बड़ी मशक्कत के बाद मामला शांत हुआ। फिलहाल मामले में एसडीओपी ने दोनों ही पक्ष को समझाईश देते हुए थाने में सूचना देने की बात कही है।

### शराब के नशे में धुत थे मजदूर-राघवेन्द्र पांडेय मैनेजर

**एलसीसी कंपनी**-एलसीसी कंपनी के मैनेजर राघवेंद्र पांडेय का कहना है कि मजदूर शराब के नशे में धुत थे जिसके बाद कर्मचारियों और मजदूरों के बीच हल्की धक्का मुक्की की घटना हुई है।

इस घटना के बाद बुधवार की रात सेअमेरा खदान के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के द्वारा काम बंद कर दिया गया है। जिससे लाखों के छती होने का अनुमान है।मजदूरों के साथ हुए घटना के बाद मजदूर इंटक के पदाधिकारी अमेरा खदान पहुंचे और पीड़ित मजदूरों से मुलाकात कर उनसे घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए अधिकारियों से चर्चा की है। और खदान में काम करने वाले मजदूरों को कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है।

# महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल

**समवेत शिखर संवाददाता**



**सक्ती।** जिले में महिला सुरक्षा से जुड़े एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी श्रवण पटेल उर्फ सरवन पटेल, निवासी ग्राम जगदल्ला ने एक महिला को घर में अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ की।

घटना 06 अप्रैल 2026 की है, जब पीड़िता घर पर अकेली थी। उसी दौरान आरोपी उसके घर पहुंचा और बाहर से पानी मांगा। पीड़िता द्वारा पानी देने पर आरोपी ने बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला द्वारा विरोध करने और खुद को छुड़ाने की कोशिश के बावजूद आरोपी नहीं माना। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

पीड़िता की शिकायत पर थाना में अपराध क्रमांक 156/2026 के तहत धारा 74 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के निर्देश पर महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्रवाई करते हुए निरीक्षक लखन लाल पटेल के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने आरोपी के निवास पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में सउनि नीलमणी कुसुम, प्रधान आरक्षक शब्बीर मेमन, आरक्षक राधेश्याम लहरे, श्याम गबेल, प्रमोद खाखा, बृजमोहन नेताम तथा महिला आरक्षक अनिता कंवर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# खाद माफियाओं पर कड़ा प्रहार: औचक जांच में गोदाम सील, भारी मात्रा में उर्वरक जब्त

### किसानों के हक पर डाका नहीं: कालाबाजारी करने वालों पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, बिक्री पर प्रतिबंध

**समवेत शिखर संवाददाता**



**सक्ती।** जिले में उर्वरक की कालाबाजारी और अधिक कीमत पर बिक्री को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन और उप संचालक कृषि तरुण प्रधान के मार्गदर्शन में जिला व विकासखंड स्तर पर गठित टीमें लगातार निगरानी करते हुए निजी एवं सहकारी उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर रही हैं। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित फर्मों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड डभरा के ग्राम साराडीह स्थित मेसर्स कोमल प्रसाद जायसवाल के प्रतिष्ठान के निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच में पाया गया कि बिना स्रोत प्रमाण पत्र (फार्म-ओ) जोड़े उर्वरक का व्यापार किया जा रहा था। साथ ही स्टॉक पंजी निर्धारित प्रारूप में संधारित नहीं था, कैश एवं क्रेडिट मेमो सही तरीके से जारी नहीं किए जा रहे थे और खरीदारों के हस्ताक्षर भी अनुपस्थित पाए गए। इसके अलावा स्टॉक प्रदर्शन बोर्ड भी अद्यतन नहीं था, जो उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 का स्पष्ट उल्लंघन है।

निरीक्षण के दौरान गोदाम में बड़ी मात्रा में उर्वरक का अवैध भंडारण भी मिला, जिसमें यूरिया 69 बोरी, जिंकेटेड सिंगल सुपर फॉस्फेट पाउडर 242 बोरी, जिंकेटेड सिंगल सुपर फॉस्फेट दानेदार 104 बोरी और डीएपी 38 बोरी शामिल हैं। गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए सभी उर्वरकों को जब्त कर गोदाम को सील कर दिया गया तथा फर्म को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

इसी क्रम में ग्राम सुखदा स्थित मेसर्स नमन ट्रेडर्स में भी अनियमितताएं पाए जाने पर 21 दिनों के लिए तत्काल प्रभाव से विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। निरीक्षण के दौरान उर्वरक निरीक्षक राजेंद्र कुमार पटेल, सहायक संचालक कृषि सुमान सिंह पैकरा, कार्यालय उप संचालक कृषि के कृतराज सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगामी खरीफसीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए नियमित जांच के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि कालाबाजारी या अधिक कीमत पर उर्वरक बेचने वालों के खिलाफआगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# श्याम मंदिर में चतुर्थ वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा







## अखंड ज्योत पाठ के साथ श्याम महोत्सव का हुआ आगाज, सूरजगढ़ के भक्त हजारीलाल की अगुवाई में निकाली श्याम निशान यात्रा

### हजारों की संख्या में श्याम भक्तों ने हाथों में निशान लेकर निकाली निशान यात्रा

**समवेत शिखर संवाददाता**

**पत्थलगांव।** पत्थलगांव में आज अखंड ज्योत पाठ के साथ श्याम महोत्सव का तीन दिवसीय आगाज हुआ श्याम मंदिर के चतुर्थ वार्षिक उत्सव के मौके पर श्याम परिवार पत्थलगांव द्वारा भव्य एवं आकर्षक ढंग से श्याम महोत्सव मनाया जा रहा है ।श्याम महोत्सव तीन दिवसीय मनाया जावेगा जिसमें पहले दिन अखंड ज्योत पाठ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं श्याम मंदिर में श्याम परिवार की महिलाओं द्वारा अखंड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा अखंड पाठ किया गया। आज श्याम परिवार द्वारा श्याम निशान यात्रा सूरजगढ़ के भक्त हजारीलाल की अगुवाई में शहर के प्रमुख तीनों मार्गो से निकाली गई श्याम निशान यात्रा में हजारों की संख्या में श्याम भक्तों ने हाथों में श्याम निशान लिए श्याम निशान यात्रा निकाली गई ।

श्याम निशान यात्रा में श्याम भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। पूरा नगर श्याम बाबा के जयकारों से गूंज उठा। श्याम मंदिर को भी रंगीन लाइटों से सजाया गया है वही श्याम बाबा का अद्भुत श्रंगार किया गया है। वहीं कोलकाता जयपुर से आए अनुभव अग्रवाल ,विनय अग्रवाल, अभिषेक गर्ग द्वारा श्याम के भजनों का कलाकारों द्वारा रसपान कराया जाएगा जिसके लिए श्याम मंदिर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं ।

आज रात श्याम को रिझाने के लिए श्याम भक्तों ने पूरी तैयारी कर ली गई है।

# पांडुलिपियों में निहित ज्ञान परंपरा को बचाने का राष्ट्रीय अभियान छत्तीसगढ़ में भी शुरू

**समवेत शिखर संवाददाता**

**बिलासपुर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा देशभर में ÷ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण÷ संचालित किया जा रहा है। इस महत्त्वपूर्ण पहल का उद्देश्य देशभर में बिखरी अमूल्य पांडुलिपियों की पहचान, दस्तावेजीकरण और संरक्षण सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में छत्तीसगढ में भी इस सर्वेक्षण को प्रभावी रूप से लागू करने की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है, जिसमें जन-जागरूकता पर विशेष बल दिया जा रहा है। यह सर्वेक्षण उन पांडुलिपियों को खोजने और सूचीबद्ध करने का प्रयास है, जो वर्तमान में परिवारों, मंदिरों, मठों, संस्थानों या निजी संग्रहों में सुरक्षित है, लेकिन अभी तक औपचारिक रूप से सर्वेक्षित नहीं हो पाई हैं। यह पहल इन छिपी हुई ज्ञान-संपदाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सर्वेक्षण के पश्चात सरकार इनका डिजिटाइजेशन और संरक्षण करेगी। पांडुलिपियों का स्वामित्व उनको धारण करने वाले व्यक्ति, परिवार और संस्था का ही रहेगा। ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान में समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इसमें पांडुलिपि धारण करने वाले परिवार, संस्था, विद्वान एवं शोधकर्ता मंदिर एवं धार्मिक संस्थान, पुस्तकालय एवं शैक्षणिक संस्थाएं, जागरूक नागरिक के अतिरिक्त, सरकार द्वारा अधिकृत सर्वेक्षक भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। ऐसे नागरिक जिन्हें अपने आसपास पांडुलिपियों की जानकारी है, वे भी इस सर्वेक्षण से जुड़कर महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस राष्ट्रीय अभियान से जुड़ने के लिए डिजिटल माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं। कोई भी व्यक्ति या संस्था अपने पास उपलब्ध पांडुलिपियों को ज्ञानभारतम डॉट कॉम पोर्टल और 'ज्ञानभारतम' मोबाइल एप के माध्यम से आवश्यक जानकारी दर्ज कर इस राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण अभियान का हिस्सा बन सकते हैं। भारत की पांडुलिपियां केवल ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की समृद्ध सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और दार्शनिक विरासत, ज्ञान परंपरा की जीवंत धरोहर हैं। इनमें आयुर्वेद, साहित्य, गणित, खगोलशास्त्र और जीवन दर्शन का अमूल्य ज्ञान संचित है।